खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 12 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 332 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 22°C



ओडिशा के जंगल- जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी: खड़गे-राहुल पेज 2



लॉर्ड्स टेस्ट: राहुल व नायर ने भारतीय पारी संभाली खेल टाइम्स



चंद्रचूड़ बंगला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी! सम्पादकीय



अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम पेज 12

## शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हो चली: भागवत

# भागवत के मुंह से निकली '75 उम्र की दलील' को कांग्रेस ने लपका

### कांग्रेस बोली: प्रधानमंत्री को भी हो जाना चाहिए रिटायर

नागपुर, वार्ता

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए।

भागवत ने ये बातें रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। मोदी और भागवत, दोनों इस साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे। भागवत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रही हैं। कांग्रेस महासचिव



- मोदी और भागवत इसी साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे
- संघ प्रमुख के बयान पर सियासी घमासान

जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही सरसंघचालक ने उन्हें याद दिलाया कि 17 सितम्बर, 2025 को वे 75 साल के हो जाएंगे। जयराम रमेश ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री भी सरसंघचालक से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितम्बर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर, दो निशाने! दरअसल, पीएम मोदी 10 जुलाई को 5 देशों की विदेश यात्रा से लौटे हैं। जयराम रमेश ने इसे ही उनकी घर वापसी बताया। भाजपा में राज्य और मंडलस्तर पर उम्र की सीमाएं लागू हैं। भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू की गई हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ भाजपा ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 साल और जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा निर्धारित की है। वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था। इसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, कलराज मिश्र, जैसे कई नेता शामिल थे। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू। पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया।

# अजित डोभाल ने पहली बार चुप्पी तोड़ी

### कहा: 23 मिनट में पाक के नौ ठिकानों को किया बर्बाद

चेन्नई, वार्ता



**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने पहली बार कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही

- बोले-विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान को बढ़ा-चढ़ाकर किया पेश

बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें, तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी... हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था, जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। अब से 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

### शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

**टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसकी जानकारी दी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे। एक्सिओम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

### गुजरात महिसागर पुल हादसा: मृतक संख्या 19 हुई, दो लापता

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल शख्स की अस्पताल में मौत हो गई। दो लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव न हो। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

### अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

### 'कन्नड़' अनिवार्य करने पर केंद्र व राज्य सरकार को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी।

### हिमाचल: 21 दिन में 91 मरे, वाराणसी में गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। बीते 21 दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 91 लोगों की मौत हुई है। इनमें बाढ़, लैंडस्लाइड और सड़क हादसे शामिल हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। यूपी के कई जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में शख्स बह गया। वो यहां दर्शन के लिए आया था। वाराणसी की गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया। यहां गंगा में पानी हर घंटे 2 बार बढ़ रहा है। मप्र के मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, 2 लापता हैं। 300 मकान क्षतिग्रस्त हैं। 300 से ज्यादा लोग 7 रेस्क्यू कैंप में हैं। सीधी में बीते 12 घंटे से बारिश हो रही है। राजस्थान के 11 जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। 27 जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट है। सीकर में खंडेला नदी का पानी आबादी वाले इलाकों में पहुंचा। कोटपुतली में सरकारी स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को पीठ पर लादकर बाहर निकाला गया। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि देश भर में 20 नदी स्थल बाढ़ के खतरे में हैं, जिनमें से असम में एक और बिहार में दो स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति है। गंभीर बाढ़ की स्थिति वाले स्थल असम के गोलाघाट में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे, और मुजफ्फरपुर तथा गोपालगंज में गंगा की सहायक नदियों बागमती और गंडक के किनारे पर बसे हैं।

### मोदी व आरएसएस पर आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र विवाद पर 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएम नरेन्द्र मोदी व आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध शुक्रवार को स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है।

# बम बम भोले के उद्घोष के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार/देहरादून।** श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार को उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया। बम बम भोले के उद्घोषों के साथ आकर्षक कांवड़ में गंगा जल लेने आने वाले कांवड़ियों का मेला इस बार अदभुत नजर आ रहा है।

पुलिस ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। साथ ही, कांवड़ियों की भीड़ में फर्जी साधु बनकर नशीले पदार्थों की आपूर्ति अथवा सीधे साधे भोले के भक्तों को अपने जाल में फंसाकर, ठगने वालों को ऑपरेशन कालनेमी के तहत पुलिस के जवान खोजते घूम रहे हैं। शुक्रवार को श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से चतुर्दशी तक हर की

- तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू

पैड़ी से गंगा जल लेकर कांवड़िए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के नगरों, कस्बों और गांवों के शिवालयों में चढ़ाने के लिए आना शुरू हो गए। पुराणों के अनुसार, काल के प्रथम खंड में कनखल के राजा ब्रह्मपुत्र दक्ष को दिया वचन निभाने के लिए भोले भंडारी श्रावण प्रतिपदा यानी शुक्रवार से कनखल पहुंच गए हैं। प्रति वर्ष में दो बार हरिद्वार से शिवालयों तक कांवड़ यात्रा निकलती है। फागुन मास की कांवड़ का जल महाशिवरात्रि तथा श्रावण मास की कांवड़ का जल शिव चतुर्दशी को चढ़ाया जाता है।

### नारकोटिक्स मामले के आरोपी कुब्बावाला को यूएई से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एक सफल अभियान में नारकोटिक्स मामले के वांछित अपराधी कुब्बावाला मुस्तफा को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। सीबीआई ने बताया कि उसने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कुब्बावाला मुस्तफा की वापसी का सफलतापूर्वक समन्वय किया है। कुब्बावाला मुस्तफा मुंबई पुलिस का वांछित अपराधी है। सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस के तहत वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लेकर आई है। मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम कुब्बावाला मुस्तफा को वापस लाने के लिए दुबई गई थी।

### अस्त्र मिसाइल का सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओडिशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षण पर सभी टीमों को बधाई दी।

# खुले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण- एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम टोल संग्रहण संचालन सुनिश्चित करने के वास्ते 'खुले फास्टैग' को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एनएचएआई के अनुसार इससे टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी और जो खुले फास्टैग जिन्हें 'टैग-इन-हैंड' भी कहा जाता है, उसकी तुरंत रिपोर्ट कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जा सकेगा।

पास- प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी पहलों के मद्देनजर फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान आवश्यक है। खुले फास्टैग से अभिप्राय है कि




कभी-कभी वाहन मालिक जानबूझकर वाहन के विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते। इस से परिचालन सम्बंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जिससे लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्ज बैंक, बंद टोल प्रणाली में दुरुपयोग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था में बाधा आती है। इससे टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इसको लेकर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने एक समर्पित ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है। प्राप्त

- टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मिलेगी मदद

रिपोर्टों के आधार पर, एनएचएआई रिपोर्ट किए गए फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा। एनएचएआई का कहना कि 98 प्रतिशत से अधिक की व्यापक पहुंच के साथ फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। खुले फास्टैग या हाथ में टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह कार्यों की दक्षता के लिए एक चुनौती हैं, लेकिन यह पहल टोल संचालन को और अधिक कुशल बनाने में मदद करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध और सहज यात्रा सुनिश्चित होगी।

# EOW के हाथ लगा 49 हजार करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की आर्थिक अपराध जांच शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 49 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले के मुख्य आरोपी को पंजाब के रोपड़ जिले से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के निदेशक गुरनाम सिंह (69) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर पांच करोड़ निवेशकों के 49 हजार करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह ने 13 फरवरी

- पंजाब के रोपड़ जिले से हुई गिरफ्तारी

1996 को जयपुर में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से गुरुवंत एग्रोटेक लिमिटेड नाम से कंपनी का पंजीकरण कराया था, जबकि 25 अक्टूबर 2011 को इसका नाम बदल कर पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर दिया गया, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली स्थित बारह खंभा रोड पर है। गुरनाम ने अपने साथी संचालकों की मदद से दस राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार और छत्तीसगढ़ में कंपनी की शाखाएं खोलीं।

# बाइक पेड़ से टकराई एक युवक की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने पर दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल का उपचार चल रहा है।

गांव सददोवेरखा (थाना स्योहारा) निवासी युवक मनीष (20 वर्ष) शुक्रवार को अपने साथी प्रताप सिंह (20 वर्ष) के साथ किसी काम से धामपुर गया था। दोनों युवक गांव के ही एक व्यक्ति से स्प्लेंडर प्लस बाइक मांगकर निकले थे।

लौटते वक्त जब वे सरकडा चकराजमल पुल के पास पहुंचे, तभी मंदिर के मोड़ पर बाइक असंतुलित हो गई और बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर के दौरान दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत धामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रताप का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार अधिक थी और मोड़ पर सन्तुलन नहीं बन पाया, जिससे यह हादसा हो गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शाहनवाज खलील का सेहत पर जोर

## बुराईयों से बचने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन पुत्र शेख शाहनवाज खलील ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह बुराईयों से बचते हुए अपनी सेहत का ख्याल रखें।

प्राप्त समाचार के अनुसार चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने रायपुर रोड स्थित नगीना पार्क के ठीक सामने रॉयल फिटनेस यूनिसेक्स जिम का फीता काट कर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी सेहत दुरुस्त रखने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर शरीर स्वस्थ रहता है, तो बीमारियां भी पास नहीं आती है। उन्होंने कहा कि नगीना में इस तरह के जिमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान अपनी सेहत का ख्याल नहीं रख पाता है।

जिम के स्वामी औसामा ने मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हमारे यहां अनेक प्रकार की मशीनें आयी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वयं को रोगों से बचाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या मे जिम को शामिल को शामिल करना पड़ेगा। क्योंकि जिम करने से हमारे शरीर, मन, आत्मा को ऊर्जा, ताकत और सौंदर्य मिलता है। इस मौके पर मौहम्मद अनस, जावेद, नानू, शाहनवाज, मुजम्मिल, वरिष्ठ पत्रकार अमान शम्सी, इमरान, फहीम, उमैर, मौहम्मद सिराज, युवा समाजसेवी शेख जमशेद, अंजार सैफी, शेख शददन, जुबैर जैदी, फहीम अहमद, राशिद मुल्तानी, सुहैल अनवर, शहीर आलम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आसिफ कुरैशी को मिली जिम्मेदारी



**बिजनौर।** सहसपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी मौहम्मद आसिफ कुरैशी को पार्टी में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। आसिफ कुरैशी पिछले लगभग 50 सालों से कांग्रेस से जुड़े हुए है। उन्होंने हर चुनाव में कांग्रेस के लिए कार्य किया है। बुरे दौर में भी वह पार्टी छोड़कर नहीं गए। उनका कहना है कि कांग्रेस ही राष्ट्र भक्तों की ऐसी पार्टी है, जिसने देश का कल्याण किया है।

### दिशा रानी ने किया टॉप



**बिजनौर।** डी.एल. एड. का चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा डीएल एड. चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विद्यार्थियो का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि डी.एल. एड चतुर्थ सेमेस्टर मे दिशा रानी ने 90.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं शिखा सेठी ने 88.87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा सौरभ कुमार ने 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निद.शक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार व सहायक प्रवक्ता फरहीन जहरा, ज्योति सिंह ने छात्र/छात्राओं को बधाई दते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सात बार हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** पंजाबी कॉलोनी शिव मंदिर पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आचार्य दिनेश भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल हर शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करता है। यह पाठ निशुल्क किया जाता है। आयोजक जगदीश अरोड़ा, निखिल अरोड़ा, प्रज्ञा अरोड़ा, अनमोल अरोड़ा, कमलेश अरोड़ा, नैंसी अरोड़ा, पुलकित अरोड़ा आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर गायों को खिलाए फल



**स्योहारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की ओर से धामपुर स्थित निराश्रित गौरी गौशाला में जाकर गायों की सेवा की गई। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धाभाव से गायों को फल खिलाए और गौशाला के संचालन हेतु रूपए 2100 का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस सेवा कार्य में क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन, सचिव समीर रस्तोगी, मंडल पदाधिकारी केपी पुष्पक, प्रख्यात समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, हैरी गुर्जर आदि उपस्थित रहे। डॉ. मनौज वर्मा ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का आधार है और ऐसे अवसर पर गौ माता की सेवा करना उन्हें आत्मिक शांति प्रदान करता है। वे निरंतर समाजसेवा से जुड़े रहते हैं और युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करते हैं कि वे अपने कर्तव्यों के साथ-साथ समाज हित में भी योगदान दें। सभी उपस्थित जनों ने मिलकर श्रद्धा और भावनाओं के साथ गायों की सेवा की। गौशाला के संरक्षक डॉ. दिनेश कुमार शास्त्री ने रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य अत्यंत सराहनीय है और हमें विश्वास है कि अन्य सामाजिक संस्थाएं भी आगे आकर इस सेवा कार्य में योगदान करेंगी।

# महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दक्ष प्रजापति (कुम्हार) महासभा धामपुर द्वारा महाराज श्री दक्ष प्रजापति जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मोहल्ला बाडवान स्थित महासभा कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति के आवास पर महाराजा दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा धामपुर द्वारा महाराजा श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति पहुंचे।

मुख्य अतिथि द्वारा महाराजा श्री दक्ष प्रजापति के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री ने कहा कि महाराजा श्री दक्ष प्रजापति हिन्दू पौराणिक कथाओं में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं, वे ब्राह्म के मानस पुत्रों में से एक थे और भगवान शिव की पत्नी सती के पिता थे। दक्ष को प्रजापतियों में से एक माना जाता है, जो ब्राह्म द्वारा बनाई गई सृष्टि के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा इसलिए हम गुरु पूर्णिमा के दिन महाराजा श्री दक्ष प्रजापति जी की जयंती मनाते हैं और हमें इसी तरह के कार्यक्रम अपने समाज में करने चाहिए, जिससे हमारा समाज जागरूक होता है। भाजपा सरकार द्वारा प्रजापति समाज के लिए विशेष योजनाएं चल रही है, उन योजना का हमें लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा पदाधिकारी द्वारा राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति का ढोल नगाड़े फूल मालाएं डालकर एवं शाल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति, अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, मीडिया प्रभारी नीरज प्रजापति, पंकज दक्ष, सुनील कुमार, लोकेश कुमार, रवि, मोहित प्रजापति, सुरेश कुमार, देवराज प्रजापति, सुंदरलाल प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, भस्सु प्रजापति, लक्की प्रजापति, ऋतिक प्रजापति, कार्तिक प्रजापति, मोहित प्रजापति, आशीष प्रजापति, लोकेंद्र प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रवि प्रजापति कुमार, कलवा, सचिन कुमार, गजेंद्र प्रजापति, यशपाल प्रजापति, संजय प्रजापति, सतीश कुमार, जसवीर, राजा प्रजापति, सोनू प्रजापति, अक्षय प्रजापति, बलराम प्रजापति आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भस्सु सिंह प्रजापति ने की।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संगठन संयोजक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में चिकित्सक मयंक पाराशर के आवास पर आए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संगठन संयोजक तुषार कांत का स्वागत किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आओ जड़ों से जुड़े और योग की चेतना आए विषय पर काम करता है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के माध्यम से अपने देश को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भरता पैदा हो और भारतीय संविधान को अपनाते हुए कार्य करें, इस पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि मजहब बदलने से संस्कृति नहीं बदलती है। आस्था व्यक्तिगत स्वभाव की होती है वह कभी भी बदली जा सकती है। अपने पूर्वजों की धरोहरो को हमें संजोकर रखना है। हिंदू मुस्लिम दूरियां राजनीतिक लोगों ने बढ़ाई है। हमें सियासत से निकलकर एक दूसरे के सहयोग के लिए काम करना है। सियासत टकराव पैदा करती है और संस्कृति आपस में जोड़ती है। इसलिए हमें संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। देश की मुख्य धारा से जोड़कर हमें अखंड भारत के लिए काम करना है। इस मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की जिलाध्यक्ष जीनत शेख, सलीम पुंडीर, मयंक पाराशर आदि मौजूद रहे।

# गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

**शेरकोट।** गुलदार के देखे जाने और भिक्कावाला मार्ग पर एक बछड़े को निवाला बना लेने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।ग्राम प्रधान पति नरदेव सिंह ने रामसहायवाला भिक्कावाला मार्ग पर गुलदार को देखा और खुद एक पेड़ की आड़ में छिपकर उसके जाने का इंतजार किया। गुलदार ने इसी रास्ते पर रात्रि के समय एक गौवंश को भी अपना निवाला बना लिया था। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन सुरक्षित हो सके। ग्रामीण नवनीत राजपूत, लवी कुमार, प्रमोद और निशांत सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते गुलदार को पकड़ा नहीं गया तो वह किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। वन विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाना चाहिए।

## बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अंतर्गत मांगे आवेदन

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले दस बाल साहित्य सम्मान व कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता के लिए साहित्यकारों, साहित्यिक संस्थाओं से संस्तुतियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि बाल साहित्य सम्मान के लिए संस्तुतुकर्ता का स्पष्ट नाम, पता व दूरभाष सहित तथा जिसके नाम की संस्तुति की जा रही है, उसका जीवनवृत संस्तुति प्रपत्र के साथ संलग्न होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सम्मान की धनराशि रुपए 51000 होगी। उन्होंने बताया कि बाल साहित्य सम्मान के लिए संस्तुतियां बाल साहित्य सम्मान संबंधी शीर्षक से निद.शक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ 226001 को 18 अगस्त 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान बाल साहित्य सम्मान नियमावल 2015 संस्तुति प्रपत्र तथा सम्मानों से संबंधित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.uphindisansthan.in पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता के लिए युवा रचनाकारों (18 से 30 वर्ष) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं प्रतियोगिता के लिए भी प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि कहानी, कविता, निबंध तीन प्रतियों में कंप्यूटर टाइप ए 4 आकार में भेजनी होगी तथा कहानी अधिकतम 2500 शब्द एवं कविता अधिकतम 500 शब्द की होनी चाहिए। जबकि निबंध भारतीय संस्कृति और कुंभ विषय पर केंद्रित होगा, जो अधिकतम 2500 शब्द का (एक और टंकित) होना चाहिए। कहानी कविता निबंध पर शीर्षक के अतिरिक्त लेखक का नाम व पता अंकित नहीं होना चाहिए तथा अलग पृष्ठ पर कहानी कविता साहित्य के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम पता दूरभाष संख्या सहित हाई स्कूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, पूर्व में पुरस्कृत पुरस्कार की प्रविष्टि इस विधा में स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 01 सितंबर 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्रविष्टियां निदेशक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, राजर्षी पुरुषोत्तमदास टंडन हिंदी भवन-6, महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज लखनऊ 226001 को 01 सितंबर 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी/कविता/निबंध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है।

# उस्ताद शायर सोज नजीबाबादी सम्मानित

## शायरों ने पेश किए उम्दा कलाम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बीती रात मशहूर शायर शादाब जफर शादाब के आवास मौहल्ला नवाबपुरा मे हैदराबाद से तशरीफ लाये पूर्व नजीबाबाद निवासी उर्दू के मशहूर साहिब दिवान उस्ताद शायर सोज नजीबाबादी के एजाज में जश्न ए सोज नजीबाबादी व महफिल ए मुशायरे का आयोजन बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से किया गया।

इस मौके पर बज्म ए जिगर नजीबाबाद के सरपरस्त शायर मौसूफ अहमद वासिफ, अध्यक्ष डा. र रईस भारती, सेकेट्री शादाब जफर, नायब सेकेट्री डाक्टर तैय्यब जमाल ने शॉल ओढाकर व प्रतीक चिन्ह जिगर अवार्ड प्रदान किया। इस मौके पर मशहूर शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने कहा कि डा. सोज नजीबाबादी की गजले और उनका शहद से मीठा तरन्नुम अदब नवाज लोगो को आज भी याद है।

महफिल ए मुशायरे का आगाज तिलावत ए कुरान से डा. तैय्यब जमाल व नात ए पाक ए रसूल ए पाक से अकरम जलालाबादी ने किया। गजल के दौर में शायर शादाब जफर शादाब ने कहा- मैं अपने प्यार को बाहो में रख के भूल गया, हसीन ख्वाब था ख्वाबों में रख के भूल गया। महफिल ए मुशायरे में मौसूफ अहमद वासिफ, उबैद नजीबाबादी, नसीम नजीबाबादी, आसिफ मिर्जा, सूफीयान मुल्तानी, अकरम जलालाबादी, डा. तैय्यब जमाल, कमर कल्हेडवी, डाक्टर रईस भारती और उस्ताद सोज नजीबाबादी का कलाम शादाब जफर ने पेश कर खूब दाद हासिल की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बज्म ए जिगर के सदर डा. रईस भारती ने की व संचालन मेजबान शादाब जफर शादाब ने किया।

## ओडिशा के जंगल-जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी

# खड़गे-राहुल ने की प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी



■ कहा: अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं इसलिए उन्होंने ओडिशा की जमीन और जंगल अडानी जैसे अपने चंद मित्रों के हवाले कर दी है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हमारे ओडिशा के महान नायक 'उत्कलमणि' गोपबंधु दास जी, बैरिस्टार मधुसूदन दास जी और यहां के सभी महान सेनानियों को श्रद्धांजलि देता हूं। कांग्रेस की सरकारों में पारादीप पोर्ट, राउरकेला स्टील प्लांट, हीराकुंड बांध, एनटीपीसी, नाल्को, चिल्का नेवल एकेडमी, पंचेश्वर रेल कोच फैक्ट्री, कोरापुट में एचएएल, आर्डिनेंस फैक्ट्री लगी। कांग्रेस के शासनकाल में भुवनेश्वर में एम्स, एनआईएसईआर, फिजिक्स इंस्टीट्यूट और कई शिक्षा संस्थान कायम हुए। कालाहांडी, बोलांगीर और कोरापुट केबीके जिलों के बदलाव की योजना बनाई, लेकिन आज क्या हो रहा है। मोदी, ओडिशा के लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा अपने अरबपति मित्रों को सौप रहे है। सभी सरकारी कारखाने, सरकारी कंपनियां, खदानें, पोर्ट, एअरपोर्ट, जंगल, जमीन, सब मोदीजी के कुछ मित्रों को दिए जा रहे है। उन्होंने सवाल किया कि प्राकृतिक संसाधनों में भारत का सबसे अमीर राज्य ओडिशा है, पर यहां के जनजातीय समुदाय दुनिया में सबसे अधिक गरीबी में क्यों जी रहे हैं। कांग्रेस की सरकार यहां मार्च 2000 के बाद नहीं बनी। खड़गे ने आरोप लगाया हसभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदीजी का क़ब्ज़ा है। ये सभी संस्थाएं भारत के संविधान से नहीं, भाजपा के इशारों पर चलती है। जो मोदी-शाह कहते है, वो ये संस्थाएं और एजेंसियां करती है। इसी तरह अब लोगों के वोट के अधिकार पर सीधा हमला हो रहा है। पहले महाराष्ट्र और अब बिहार। ठीक चुनाव से पहले, बिहार में गरीब, पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों के वोट का अधिकार छीना जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप कर, चुनाव आयोग के निर्णय पर सवाल उठाया। आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को दस्तावेज की सूची में शामिल करने को कहा। उन्होंने ओडिशा के लिए भाजपा का योगदान शून्य करार देते हुए कहा कि भाजपा पहले मुख्यमंत्री चुनती है, फिर अडानी- अंबानी जैसे लोग पीछे लगते हैं और देखते हैं कि कौन सी जमीन अच्छी है, कहां खनन करना है।

### कांग्रेस आयोजित करेगी ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे को लगातार उठा रही कांग्रेस 25 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करेगी। इस सम्मेलन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। वह लगातार अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के लिए जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। गांधी कांग्रेस पार्टी के भीतर पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात भी करते रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी का ओबीसी विभाग नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में देश भर से कांग्रेस के कई नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी महासचिव सचिन पायलट समेत कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

# यूपी में हत्या-लूट अब आम बात: अखिलेश



■ कहा: प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी तत्व बेखौफ है, जबकि हत्या, लूट की वारदातें आम हो चुकी हैं।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार तो अब रोज की आम बातें हो गई हैं। पुलिस निरंकुश हैं मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई दिन तो नहीं जाता है, जब राजधानी लखनऊ सहित अन्य जनपदों में अपराधिक वारदातें न होती हों। भाजपा सरकार में दलितों को सर्वाधिक उत्पीड़न झेलना पघ्ता है। कहीं दबंग दलितों की बारात में डीजे बजाने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, तो कहीं दूल्हें के घोड़े पर चढ़ने पर हंगामा हो जाता है। ताजा घटना बाराबंकी की हैं जहां एक दलित युवक शैलेन्द्र गौतम को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी गई। सच तो यह है कि अब प्रदेश में लोग आतंक और भय में जी रहे हैं। भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के चलते प्रदेश की दुनियाभर में बदनामी हो रही है। बच्चियां और महिलाएं अपमा. नित हो रही है। कानून व्यवस्था तो पूरी तरह ध्वस्त है। इस वजह से प्रदेश में न तो कोई निवेश आ रहा है और नहीं कोई उद्योग लग रहा है। बल्कि जो उद्योग लगे हैं वे भी अब बाहर जाने का मन बना रहे है। मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं पर कोई भी दावा जमीन पर नहीं उतर रहा है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# काजीवाला में दिनदहाड़े महिला का कत्ल

## दबंगों ने घर में घुस कर वारदात को दिया अंजाम, आरोपी फरार


मृतका जुबैदा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के ग्राम काजीवाला में कुरैशी बिरादरी के दबंगों ने फकीर बिरादरी की महिला का उसके घर में घुसकर दिनदहाड़े कत्ल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर कातिल आराम से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बेगावाला पुलिस चौकी आती है। पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर ग्राम काजीवाला है। यहां पर फकीर बिरादरी के तवक्कुल शाह का घर है। पास में ही अय्यूब कुरैशी का घर है। अय्यूब कुरैशी का परिवार काफी दबंग है और आएदिन यह गरीबों को धमकाता रहता है। खासतौर पर इनके द्वारा तवक्कुल शाह के परिवार का उत्पीड़न किया जाता रहा है। ईद उल अजहा के मौके पर भी अय्यूब कुरैशी के परिवार ने तवक्कुल शाह के परिवार के साथ गुण्डागर्दी की थी। मामला पुलिस तक पहुंचा था। लेकिन पैसों के बल पर अय्यूब कुरैशी का परिवार बच गया था और उनके खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी।

आज सुबह लगभग 11 बजे अय्यूब कुरैशी के पुत्र ने तवक्कुल शाह के घर के सामने अपनी बुलेट खड़ी कर दी और वही पर उसे धोने लगा। जिससे तवक्कुल शाह के घर के सामने पानी ही पानी हो गया। चारों तरफ गंदगी फैल गई। तवक्कुल शाह काम पर गया हुआ था और उसके बच्चे स्कूल गए थे। घर पर सिर्फ उनकी पत्नी जुबैदा मौजूद थी। घर में गंदगी फैलने पर जुबैदा ने ऐतराज किया। जिस पर पूर्व नियोजित ढंग से अय्यूब कुरैशी का पूरा परिवार वहां पर आ धमका। उन्होंने जुबैदा को सबक सिखाने की धमकी देते हुए वार करना शुरू कर दिया। जुबैदा उन से बच कर भागी, तो घर में घुस कर उसका कत्ल कर दिया। कातिल दबंगों के द्वारा दिनदहाड़े संगीन वारदात को अंजाम देने के बाद ऐलान कर दिया कि अगर किसी ने भी गवाही दी, तो उसका भी यहीं हश्र होगा। दबंग ऐलानिया कत्ल करने के बाद वहां से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसपी नगर ने भी मौके पर पहुंच कर वारदात के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम के गरीब दिनदहाड़े कत्ल की इस वारदात से डरे हुए है।

### जुबैदा के कत्ल में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर।** काजीवाला में दिनदहाड़े जुबैदा के कत्ल के मामले में पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें अय्यूब कुरैशी की पत्नी हाजरा, इसके पुत्र कलाम, अमन और समीर सहित भूरे पुत्र अब्दुल कय्यूम को नामजद किया गया है।

### ऐलानिया कत्ल के मामले में दरोगा व सिपाही पर गिरी गाज

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के ग्राम काजीवाला में गरीब परिवार की जुबैदा का कुरैशी बिरादरी के दबंगों द्वारा ऐलानिया कत्ल करने के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में दरोगा परवीन सिंह एवं सिपाही संदीप को एसपी अभिषेक ने सस्पैंड कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बताया जाता है कि ईद उल अजहा के मौके पर भी दबंगों ने पीड़ित परिवार का उत्पीड़न किया था। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही बरती थी। अगर पुलिस के द्वारा उसी वक्त प्रभावी कार्यवाही की जाती, तो आज जुबैदा की जान न जाती।

# डॉ. मुकेश यादव को उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से किया जाएगा सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जलीलपुर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय मिर्जापुर बकेना में प्रधानाध्यापक वर्तमान में मई 2025 से एआरपी मेथस के पद पर तैनात डॉ. मुकेश यादव को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार 2025 से शनिवार को सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर वह काफी उत्साहित हैं। बता दें कि उन्हें पूर्व में भी जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि उन्हें नेशनल यूथ पावर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. अनिल पर्वतारोही का पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से उन्हें नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित नियर पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के कांस्टीट्यूशनल क्लब में संगठन की ओर से उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार 2025 से शनिवार को सम्मानित किया जाएगा।

पत्र में डॉ. अनिल पर्वतारोही ने बताया कि सामाजिक कार्य, खेल, शिक्षा, उद्यमिता नेतृत्व, राजनीति, स्वास्थ्य और विज्ञान, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित करने और उन्हें मान्यता देने के लिए उनके संगठन ने जमीनी स्तर के युवा परिवर्तनकर्ताओं की पहचान करने व उन्हें सम्मानित करने के लिए एक पहल शुरू की है। डॉ. अनिल पर्वतारोही ने आगे बताया कि यह सम्मान नेशनल यूथ पावर एसोसिएशन की ओर से पूरे देश भर से केवल 40 व्यक्तियों को दिया जा रहा है।

# रश्मि राजपूत ने मांगा इंसाफ

## बेटी के साथ आत्मदाह करने की चेतावनी


सौरभ राजपूत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर में हीरो अर्पणा शोरूम के स्वामी सौरभ राजपूत की विधवा रश्मि राजपूत उर्फ पूजा न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। रश्मि राजपूत ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर उसे इंसाफ नहीं मिला, तो बेटी अदिति राजपूत के साथ आत्मदाह कर लेगी।

गौरतलब है कि ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल के ग्राम लायकपुरी निवासी सौरभ राजपूत का मण्डावर में हीरो अर्पणा ऑटो मोबाइल के नाम से शोरूम है। पिछले दिनों एक हादसे में सौरभ राजपूत की मौत हो गई थी। अब उनकी विधवा पत्नी रश्मि राजपूत उर्फ पूजा का एक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें उनकी बेटी अदिति राजपूत भी साथ में बैठी हुई है। वायरल वीडियो में रश्मि राजपूत कह रही है कि उसकी सास, ससुर प्रीतम राजपूत, जेठ सहदेव राजपूत, दीपक राजपूत व गौरव राजपूत उनके पति की सम्पत्ति को हड़पना चाहते है। वायरल वीडियो में रश्मि राजपूत ने जनपद के विभिन्न सामाजिक संगठनों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही इस मामले में कोई मदद न मिलने पर अपनी सात वर्ष की बेटी के साथ आत्मदाह की भी चेतावनी दी है। यह वीडियो आज जिस तेजी के साथ वायरल हो रहा है, उससे पीड़िता को इंसाफ मिलने की आस जगी है। कोई मुख्यमंत्री के दरबार में शिकायत दर्ज कराने की बात कह रहा है, तो किसी के द्वारा पीडीए को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे पूर्व जज मनोज कुमार के पास जाने की सलाह दी जा रही है।

# अफजलगढ़ में बच्चों व अध्यापिकाओं से भरी बस पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सनशाइन चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल विजयनगर की बच्चों व अध्यापिकाओं से भरी बस पलट गई, जिससे गंभीर रूप से घायल शुभ पसबौला 12 वर्ष की माता निशा पसबौला निवासी ग्राम भिक्कावाला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

निशा पसबौला पत्नी नरेश पसबौला निवासी ग्राम भिक्कावाला, थाना अफजलगढ़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र शुभ पसबौला उम्र लगभग (12 वर्ष) सनशाइन चिल्ड्रन्स एकेडमी स्कूल विजयनगर जाने के लिए बस से निकला। बस में अन्य बच्चे भी सवार थे। जैसे ही बस चौहड़वाला मौड़ के पास पहुंची, तो सामने से आ रही एक स्कूल बस को तेजी व लापरवाही से क्रॉस करते हुए रोड के नीचे उतार दी। एक पेड़ से टकराते हुए खड्डे में पलट गई। स्कूल बस में लगभग 27 बच्चे तथा तीन अध्यापक सवार थे। जिसमें सात बच्चों तथा एक अध्यापिका को गंभीर चोट आयी है। उसके बेटे को गंभीर चोट लगी है। उसका ईलाज सहोता हॉस्पिटल काशीपुर में चल रहा है। इस पूरे प्रकरण में बस चालक रवि पुत्र हरचरण निवासी नई कालोनी कालागढ़, थाना कालागढ़ जनपद पौढी गढवाल (उत्तराखण्ड) तथा स्कूल संचालक राहुल विजयनगर थाना अफजलगढ़ की लापरवाही से घटना घटित हुई है। पुलिस ने पीड़ित निशा पसबौला की तहरीर पर बस चालक रवि व स्कूल संचालक राहुल के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बस चालक व स्कूल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व ही मीडिया ने क्षेत्र के स्कूलों में चल रही बिना फिटनेस के खटारा वाहनों के बारे में एआरटीओ सहित उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था। परंतु जनपद के अधिकारियों को किसी बड़ी घटना का इंतजार था। आज बृहस्पतिवार को सनशाइन चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल की बस पलटते की पूरे जनपद के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ गौरी शंकर ठाकुर शिव शंकर ने बृहस्पतिवार को अपराह्न घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस को कब्जे में लेकर भारी भरकम 27 हजार का जुर्माना लगाया तथा बस को सीज कर कड़ी कार्रवाई की। यदि क्षेत्र के सभी स्कूलों के वाहनों की समय रहते जांच होती, तो शायद यह घटना भी न घटती। अन्य स्कूलों के वाहनों की भी जांच होना अनिवार्य है।

# फैसल वारसी के समर्थन में उतरा चेयरमैन संघ

## संवैधानिक पद की गरिमा का हो रहा हनन, सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पालिका के चेयरमैन फैसल वारसी के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई से गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में आज पूरे जनपद की नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के चेयरमैन यहां पहुंचे। उन्होंने एक सुर में इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक पद की गरिमा के विरुद्ध बताया। जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर अपनी नाराजगी जताने की बात कही।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर में शासन के निर्देश के अनुसार हाउस टैक्स और जलकर लागू किया गया था। इस फैसले के विरोध में भाजपा नेताओं ने नगर पालिका कार्यालय परिसर में धरना दिया था। इसी दौरान एक भाजपा नेता द्वारा चेयरमैन फैसल वारसी से उनके चुनावी वादों पर सवाल किया गया। चेयरमैन फैसल वारसी ने जवाब में कहा कि जैसे देश के प्रधानमंत्री ने हर नागरिक को 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उसी तरह उन्होंने भी चुनाव के दौरान टैक्स हटाने की बात कही थी। लेकिन अब वह शासनादेश से बंधे हैं। इस बयान को लेकर भाजपा नेताओं और चेयरमैन के बीच तीखी बहस हो गई थी। बाद में भाजपा नेताओं ने थाने में शिकायत की थी। जिसके आधार पर चेयरमैन फैसल वारसी को रात करीब नौ बजे थाने में बुलाया गया था। पूरी रात थाने में बैठाए रखने के बाद उनका शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया। बाद में एसडीएम धामपुर ने उन्हें जमानत दी।

इस घटना के विरोध में आज जनपद की नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के चेयरमैन स्योहारा पहुंचे और चेयरमैन फैसल वारसी के समर्थन में आवाज बुलंद की। चेयरमैन संघ ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि एक संवैधानिक पद की मर्यादा का उल्लंघन है। संघ के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब सरकार के आदेश का पालन कर रहे हैं, तो भाजपा के ही कुछ नेता उसका विरोध क्यों कर रहे हैं। चेयरमैनों ने यह भी कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि शांति भंग करने का कार्य नहीं कर सकता, बल्कि वह अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब सवाल पूछने पर थाने में बैठाया जाएगा और शांति भंग के आरोप लगाए जाएंगे। सभी चेयरमैनों ने कहा कि जल्द ही जिलाधिकारी से इस विषय में मिला जाएगा। ताकि हमारे पीड़ित साथी को न्याय मिल सके। चेयरमैनों ने चेतावनी देते हुए भी कहा कि यदि इसी तरह से उन पर कार्रवाई होती रही, तो वह सशर्त अपना इस्तीफा दे देंगे। जब भाजपा सरकार के आदेश का भाजपा के ही नेता विरोध करेंगे और एक जनप्रतिनिधि को शांति भंग का आरोपी बनाकर पुलिस चालान करेगी, तो व्यवस्था कैसे चलेगी। संवैधानिक व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को किसी बड़े ठोस अपराध के सबूत होने पर ही थाने में बिठाया जा सकता है, न की शांति भंग का आरोपी बना कर पकड़ा जा सकता है। चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि वह न्याय के लिए हाईकोर्ट तक जाने को तैयार हैं।

इस दौरान चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, चांदपुर के पूर्व चेयरमैन व मौजूदा चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान, किरतपुर के चेयरमैन अब्दुल मन्नान, नजीबाबाद के चेयरमैन इंजी. मुअज्जम, धामपुर के चेयरमैन चौधरी रवि सिंह, अफजलगढ़ की चेयरपर्सन के पति जावेद विकार, साहनपुर के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी, नहटौर के चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद, जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन व मौजूदा चेयरपर्सन के प्रतिनिधि हाजी याकुब राईन आदि मौजूद थे।

गौरतलब है कि नगर पालिका के चेयरमैन फैसल वारसी को जिस तरह से रात भर थाने में बैठाकर रखा गया और शांति भंग में चालान किया गया, उससे पूरे जनपद में वसूली कार्य प्रभावित हो सकता है। नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में भाजपा सरकार में लगाए गए टैक्स का विरोध शुरू हो जाएगा। जिससे भाजपा सरकार की जबरदस्त किरकिरी होगी।

### पालिका की सम्पत्ति कब्जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठी

**स्योहारा।** नगर में पालिका की सम्पत्ति कब्जाने वाले सफेदपोशों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठने लगी है। नागरिकों का कहना है कि गरीब कब्जाधारकों के खिलाफ तो अधिकारी फौरन कार्यवाही कर देते है, लेकिन मालदार सफेदपोशों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है। नागरिकों का कहना है कि पालिका की सम्पत्ति पर कब्जा करने वाले सफेदपोशों के नाम सार्वजनिक करते हुए चौराहों पर इनके वोर्ड लगाए जाने चाहिए। ताकि सभी को पता चल सके कि किस-किस ने सरकारी सम्पत्ति पर कब्जा कर रखा है। नागरिकों का कहना है कि वह भी पूरी तरह से सभी टैक्स हटाए जाने का समर्थन करते है और भाजपा सरकार को अपने कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान रखते हुए टैक्स नहीं लगाना चाहिए।

## एक नजर

### धमकी के मामले में फैजयाब अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मौहल्ला जुलाहान निवासी फैजयाब पुत्र जफरयाब को इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सपा के जिला सचिव लाल सिंह कश्यप के पुत्र हिमांशु कश्यप ने शहर कोतवाली में धारा 351 (2) में भाजपा नेता को धमकी देने के मामले में आठ जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब इस मामले में जांच की, तो यह आईडी नावेद पुत्र शमशाद निवासी असौदा, जनपद हापुड़ की फोटो लगी मिली। नावेद से जब पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि यह आईडी उसके नाम से किसी अन्य ने बनाई है और वही इसे आपरेट करता है। इस संबंध में मोबाइल कम्पनी से जब जानकारी मिली, तो फैजयाब का नाम प्रकाश में आया। वह इस आईडी को बनाने के बाद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने फर्जी आईडी बनाने के मामले में उसके खिलाफ एक अन्य मामला दर्ज किया है। फैजयाब और नावेद दोनों मेरठ के आईआईएमटी कॉलेज में अध्यनरत है।

### नहटौर में इमरान गिरफ्तार

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने थाना नगीना देहात के ग्राम जोगीरम्पुरी निवासी इमरान पुत्र सत्तार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### शेरकोट में शाहिद गिरफ्तार

**बिजनौर।** शेरकोट पुलिस ने ग्राम हाफिजाबाद निवासी शाहिद पुत्र खुर्शीद को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### आकाश को पुलिस ने दबोचा

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने ग्राम असलमपुर भुल्लन उर्फ गढ़ी निवासी आकाश पुत्र मुकेश को ग्राम के ही नवीन सैनी पुत्र मुकेश सैनी व उसकी बहन पर जान लेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

### पिछड़ी जाति की मजबूती पर चर्चा



**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने आसपा के नगीना के सांसद चन्द्रशेखर से मुलाकात की। मौहम्मद इरफान मंसूरी ने कहा कि दलितों व मुस्लिमों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होना पड़ेगा। वरना दबंग उनका उत्पीड़न करते रहेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में मौलाना आसिफ (पल्लावाला), शादाब मंसूरी, मौलाना अतीकुर्रहमान, मौलाना जावेद, मौहम्मद शाद, परवेज आलम आदि मौजूद थे।

### भाकियू प्रधान का रोड शो



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के दूसरे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड सहित अन्य स्थानों से आए संगठन के पदाधिकारियों का बैराज पर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, जिला अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान आदि अपनी टीम के साथ बैराज पर मौजूद थे। इसके बाद में रोड शो निकाला गया। नुमाइश ग्राउण्ड पर चौधरी चरण सिंह मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि अशोक बलहारा, हरियाणा खाप के कोऑर्डिनेटर सतिश चेयरमैन सहित खाप चौधरियों को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहताश सिंह, संरक्षक भूदेव प्रधान, राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी चन्द्रवीर सिंह, सुमित चौहान, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष रवि पंवार, अल्ताफ हुसैन, रहीसुद्दीन, शमशाद हुसैन गुर्जर, मौहम्मद जाकिर, नरेन्द्र सिंह, चौधरी दलवीर सिंह, मौहम्मद फैय्याज, मौहम्मद फैसल, प्रमोद कुमार, अरूण कुमार, शुभम कुमार, नरपाल सिंह, मौहम्मद शाकिर, मौहम्मद जाकिर, रूखसाना उर्फ सोनी, मौहम्मद आदिल, बरकत अली, रामोद कुमार, नाथू सिंह, बेगराज सिंह आदि किसान नेता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### स्व. चौधरी यशवीर सिंह को याद किया



**बिजनौर।** भाकियू टिकैत के संस्थापक और बाबा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले बाबा टिकैत के विश्वसनीय और भाकियू के संस्थापक सदस्यों में से एक चौधरी यशवीर सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर भाकियू सहित जिले के तमाम दलों के नेताओं ने उनके ग्राम त्रिलोकपुर पहुंचकर स्व. चौधरी यशवीर सिंह को याद करते हुए उनके द्वारा किसानों के लिए किए गए संघर्ष का गुण गान किया। ग्राम त्रिलोकपुर में उनकी प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र धर्मवीर सिंह उर्फ आशु द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिले भर से भाकियू योद्धाओं ने सम्मिलित होकर स्वर्गीय चौधरी यशवीर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यशवीर सिंह 1987 से संगठन के शुरुआती नईमा कांड, भोपा कांड, मेरठ कमिश्नरी पर चले ऐतिहासिक आंदोलन में सक्रिय रूप से रहने वाले भाकियू योद्धा थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुखवीर सिंह, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, प्रदेश महासचिव ठाकुर राम अवतार सिंह, भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, जिला अध्यक्ष लोकदल नरेंद्र आचार्य, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौधरी बिजेंद्र सिंह, लोकदल प्रदेश महासचिव ब्रजवीर सिंह, गन्ना समिति चेयरमैन पति राजेंद्र सिंह उर्फ कालू , भाकियू जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान, अंकित चौधरी, शुभम् चौधरी, सोनू गिरिराज, कोमल सिंह, कविराज सिंह, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर धर्मेंद्र सिंह, मास्टर मुनिदेव सिंह, अरुण नेता, रघुनाथ सिंह, सत्यवीर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने यशवीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# पीड़ित परिवार का थाने में हंगामा

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर थाने में आत्मदाह की चेतावनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** चूड़ी पहन लो या गोली मार दो, उसके बाद थाने आओ। यह कहने का आरोप नहटौर पुलिस पर लगा है।

दरअसल पांच बार हमला होने के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने नहटौर पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। लेकिन पुलिस का जवाब सुन कर पीड़ित परिवार सहम गया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ शुक्रवार की रात को करीब सवा नौ बजे नहटौर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्राम तकीपुरा निवासी विपिन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार फुलसंदा विद्युत उपकेंद्र पर संविदा के रूप में कार्य करता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब **8:30** बजे विद्युत उप केंद्र से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम नवादा चौहान में पुरानी रंजिश के चलते यहां के ही तीन युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जब पीड़ित परिवार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई, तो नहटौर पुलिस का जवाब सुनकर पीड़ित परिवार दंग रह गया। आरोप है कि पुलिस ने कहा कि चूड़ियां पहन लो या गोली मार दो, उसके बाद थाने आओ। यह भी आरोप है कि ग्राम के दूसरे पक्ष के लोग उनके परिवार पर कई बार हमला कर चुके हैं। यह हमला पांचवीं बार था। पुलिस को हर बार तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा उन्हें ही धमका दिया जाता है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ शुक्रवार की रात करीब **9:15** बजे नहटौर थाने पहुंचे और उन्होंने हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। थाने में ही पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति ने कार्रवाई नहीं होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

थाने में पीड़ित परिवार ने हंगामा किया। इस दौरान पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। समाचार लिखे जाने तक हंगामा हो रहा था।

## वरिष्ठ पत्रकार यासीन सोनी के पिता का निधन

**नगीना।** मोहल्ला काजी सराय निवासी वरिष्ठ पत्रकार यासीन सोनी के पिता **90** वर्षीय यामीन सोनी का निधन शुक्रवार की पूर्वाह्न लगभग **11** बजे हो गया। पत्रकार के पिता के निधन का समाचार सुनकर मुहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी तादाद में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों व समाजसेवियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। उनका जनाजा रात्रि के पौने नौ बजे मोहल्ला काजी सराय स्थित कुरैशी मस्जिद के समीप उनके आवास से लाल सराय पुलिस चौकी के पास कुरैशी बिरादरी के कब्रिस्तान ले जाकर नमाजे जनाजा अदा करने के बाद तदफीन कर दिया गया। उनके जनाजे में गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकारों के अलावा बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित रहे।

# मंडावर में एक रात में चार मोटरसाइकिल चोरी

### अधूरी बाइक जंगल में छोड़ भागे चोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** क्षेत्र में चोरों के एक बड़े गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जता रहा है। बीती शुक्रवार रात चोरों ने क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए चार मोटरसाइकिलें चुरा लीं। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने चोरी की गई बाइकों के महंगे पार्ट्स जैसे टायर, स्टेपनी, बैटरी, साइलेंसर आदि निकालकर बची हुई अधूरी बाइकों को जंगल में छोड़ दिया और फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर कस्बे के मौहल्ला कस्साबान निवासी मौहम्मद नासिर पुत्र मौहम्मद नाजिम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी और उनके एक परिचित मिलने वाले किरतपुर निवासी अनुज पुत्र बृजेश पाल की मोटरसाइकिलें घर के बाहर खड़ी थीं।

शुक्रवार सुबह जब वे उठे, तो दोनों बाइक गायब थीं। काफी खोजबीन के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की और चंदक रोड स्थित कुलदीप के बाग में दोनों बाइकें अधूरी अवस्था में पड़ी मिलीं। बाइकों से टायर, बैटरी, साइलेंसर जैसे महत्वपूर्ण हिस्से गायब थे। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। वहीं, ग्राम शिमली निवासी लक्ष्मण पुत्र बुद्धराम ने भी पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वे अपनी बहन के यहां दयालवाला आए थे। शुक्रवार को सुबह देखा तो उनकी बाइक भी घर के बाहर से गायब थी। पुलिस ने जांच के दौरान उनकी बाइक भी जंगल में अधूरी अवस्था में बरामद की। क्षेत्र से अन्य बाइकों के चोरी होने की भी सूचना है, जिनकी पुष्टि तहरीर मिलने के बाद होगी। इस मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जांच में जुटी है। उन्होंने जल्द ही चोरों तक पहुंचने और मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

## संगठन की एकजुटता व मजबूती पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव लखनऊ निवासी हेमंत दयाल अग्रवाल व लखनऊ के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल बाजपेई एवं विनीत शुक्ला आदि नजीबाबाद पहुंचे।

स्थानीय एक रेस्टोरेंट में संगठन के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल के साथ प्रदेश सचिव हेमंत दयाल अग्रवाल ने संगठन को लेकर गहन चर्चा की व संगठन को एकजुटता के साथ और मजबूत बनाने कि बात कही। प्रदेश सचिव ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा सर्वसमाज के लिए किये जा रहे हैं। जनहित के कार्यों की सराहना की। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया।

## पंचायत विकास अधिकारी मुनेंद्र सिंह कर रहा मनमानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत शहाबपुरा रतन सिंह के ग्राम पंचायत अधिकारी मुनेन्द्र सिंह ने आते ही तानाशाही अपना ली है।

मुनेंद्र सिंह पंचायत सचिवालय से अकसर नदारत रहते हैं, एक सहायक भूपेंद्र सिंह को रखा हुआ है जो अधिकतर समय शराब पिये रहता है और कोई भी व्यक्ति पंचायत से संबंधित जानकारी या जन्म मृत्यु परिवार रजिस्टर नकल आदि के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी के आवास पर जाता है, तो उसे टर्का दिया जाता है या फिर उसे अपने सहायक भूपेंद्र सिंह से मिलने के लिए कहा जाता है।

जबकि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट आदेश हैं कि कोई भी प्राइवेट व्यक्ति किसी भी सरकारी कार्यालय में या अधिकारी के साथ काम नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री के आदेशों की मुनेंद्र के द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

ग्रामीणों का छोटा सा कार्य भी बिना पैसे के नहीं हो रहा है। गांव के मौहम्मद फैजान पुत्र ताहिर ने परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए पंचायत सचिव मुनेंद्र से बात की, तो उसने शपथ पत्र आदि लगाने और एडीओ पंचायत से आदेश कराने के लिए कहा जो कार्य फैजान ने पूरा कराकर पंचायत सचिव मुनेंद्र को दिया।

लेकिन उसने फैजान के कागजों को अपने सहायक भूपेंद्र सिंह को देते हुए कहा कि इनसे बात कर लेना तभी तुम्हारे परिवार रजिस्टर की नकल बनेगी। भूपेंद्र सिंह ने **1000** रुपए फैजान से परिवार नकल के देने के मांगे, तो फैजान ने इनकार कर दिया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि तुम ऐसे ही चक्कर लगाते रहोगे। बिना पैसे के काम नहीं होगा। सामाजिक संस्था जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष कादिर अंसारी ने जिलाधिकारी बिजनौर से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले पंचायत सचिव और प्राइवेट व्यक्ति को साथ रखने वाले मुनेंद्र के क्रियाकलापों की जांच कर उसके विरुद्ध कार्यवाही करने, जन्म मृत्यु परिवार रजिस्टर आदि देने का कार्य ग्राम पंचायत सचिवालय शाबहपुरा रतन सिंह से ही कराने व जिन ग्रामीणों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं, उनका नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने की मांग की है।

## गुलदार का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव बल्दिया के समीप स्थित श्याम के बाग के पास स्थित क्रिकेट खेलने पहुंचे कुछ युवकों को एक नर गुलदार का शव पड़ा मिला। युवकों की सूचना मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग टीम मृत गुलदार को पोस्टमार्टम हेतु अपने साथ ले गई।

शुक्रवार को बल्दिया से हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट एक मैदान में कुछ युवक क्रिकेट खेलने पहुंचे। युवकों को इसी दौरान दुर्गंध महसूस हुई। युवकों के नजदीक पहुंचने पर उन्हें एक गुलदार मृत अवस्था में पड़ा मिला। युवकों की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर वन रेंजर महेश गौतम, वन दरोगा मदनपाल और योगेंद्र कुमार ने टीम के साथ मौके की घेराबंदी कर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक जांच शुरू की। वन रेंजर के अनुसार मृत गुलदार नर था और उसकी आयु लगभग तीन वर्ष आंकी गई है। प्रारंभिक निरीक्षण में गुलदार की मौत के पीछे कोई संघर्ष या चोट के निशान स्पष्ट नहीं मिले हैं, जिससे यह मामला प्राकृतिक मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वन विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रतीत हो रहा है कि गुलदार रात के समय मादा की तलाश में भटक गया और किसी कारणवश इसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं वन विभाग ने आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि आसपास किसी अन्य वन्यजीव की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

# बुनकर मजदूर विकास समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुनकर मजदूर विकास समिति की एक मीटिंग का आयोजन ग्राम शाहनगर में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी के निवास स्थान पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में वक्फ विकास निगम के निदेशक (दर्जा राज्यमंत्री) शफात हुसैन रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार सभा में बोलते हुए मुख्य अतिथि शफात हुसैन ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार बुनकरों व अल्पसंख्यकों के लिए लाभकारी योजनाएं चलाने का काम कर रही है। जिससे बुनकर व अल्पसंख्यक समाज का भला हो सके। पिछली सभी सरकारों ने बुनकरों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार हर स्तर से बुनकरों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही। कोई भी अधिकारी किसी भी स्तर से बुनकर समाज का उत्पीड़न नहीं कर सकता। अगर कोई भी किसी भी विभाग का अधिकारी बुनकर समाज का उत्पीड़न करता है। हम उस पर कठोर कार्रवाई करने और उसको सबक सिखाने का काम करेंगे। सभा में मौजूद लोगों से भारतीय जनता पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जुड़कर पार्टी। को मजबूत करने का आह्वान किया।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बुनकर समाज किसी भी पार्टी का बंधुआ मजदूर नहीं है, जो भी पार्टी सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी देने और समाज के भले और हित की बात करेगी। बुनकर समाज और बुनकर मजदूर विकास समिति उसी पार्टी का साथ देने, उसे मजबूत करने का काम करेगी। अब वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर बुनकर समाज को एकजुट होकर अपने भले के और अपने हित के बारे में सोचने की जरूरत है। समाज संगठित होकर अपने हक अधिकार की लड़ाई को लड़ने का काम करें। इसी में समाज का हित है। समिति का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर मौहम्मद नाजिद अंसारी ने सभा में बोलते हुए कहा कि बुनकर समाज को समाज में फैली हुई बुराई को खत्म कर अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और समाज फैली हुई बुराईयों, रस्मों, रिवाज, फिजूलखर्ची को खत्म कर। अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर आगे बढ़ाने और सामाजिक और राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। कोई भी हमारा भला नहीं कर सकता। हमें खुद अपने हक अधिकार की लड़ाई को लड़ना है। हमें संगठित होकर अपने समाज की लड़ाई को लड़ना है। अपने समाज को आगे बढ़ाना है। बुनकर मजदूर विकास समिति का मकसद ही समाज का उत्थान और विकास के लिए संघर्ष करना है। समिति के प्रदेश प्रभारी लईक अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बुनकर समाज एकजुट होकर अपने अधिकार के लिए ज्यादा से ज्यादा बुनकर मजदूर विकास समिति से जुड़कर समिति को मजबूत करने का काम करे। बुनकर मजदूर विकास समिति ही एक ऐसा संगठन है, जो बुनकरों के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक दबे, कुचले लोगों की आवाज बनकर शासन प्रशासन में आवाज उठाकर के इंसाफ दिलाने का काम कर रही। इसलिए बुनकर समाज को भी चाहिए कि बुनकर मजदूर विकास समिति से जुड़कर समिति को मजबूत करने का काम करें।

सभा में अनीश अंसारी, अशरफ अंसारी, मरगुब अहमद, हाजी इसहाक अंसारी , एहसान अंसारी, नफीस अंसारी, एजाज अंसारी, हाजी युनूस अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, अब्दुर्रहमान अंसारी, नूर अली अंसारी, इमरान अंसारी, नौसाद अंसारी, फुरकान अहमद, अब्दुल तालिब अंसारी, अब्दुल मुत्तलिब अंसारी, मूसा अंसारी, अरमानन अंसारी आदि लोगों ने सभा को संबोधित किया।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नजीबाबाद**

मूल प्रकीर्ण वाद संख्या 41/25

1. सर्वोत्तम कुमार पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी ग्राम पूरनपुर गढ़ी, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ..... प्रार्थी

**विपरीत**

1- लवीन कुमार पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी ग्राम पूरनपुर गढ़ी, परगना व तहसील नजीबाबाद, 2-सुरेशमा पत्नी अनिल कुमार पुत्री जय प्रकाश सिंह निवासी चक मौहम्मद नगर, धामपुर, 3- कु. अलका रानी पुत्री जय प्रकाश सिंह निवासी ग्राम-पूरनपुर गढ़ी, परगना व तहसील नजीबाबाद, 4- सुषमा देवी पत्नी अमित कुमार निवासी ग्राम पाडली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ..... प्रतिपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सं. 39 सन् 1925 वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र।

नियत दिनांक: 14.07.2025

**न्यायालय सिविल जज**
**जू.डि. नजीबाबाद**

**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) कोर्ट न. 1, बिजनौर**

मूलवाद संख्या:- 165/2021

सुल्तान अहमद आयु करीब 50 वर्ष पुत्र स्व. मुश्ताक अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान शहर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर

**बनाम**

1. खालिदा उम्र 45 वर्ष पत्नी जाहिद 2. जाहिद उम्र 50 वर्ष 3. हामिद उम्र 55 वर्ष पुत्रगण बुन्दू, 4. अय्यूब उम्र 65 वर्ष पुत्र खुब्बा निवासीगण मौहल्ला मिर्दगान, शहर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 18.07.2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे/ आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

नियत दिनांक: 18.07.2025

**प्रबंधक**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डी.) कोर्ट नं. 1 बिजनौर।**

## एक नजर

### विशाल भण्डारे का आयोजन



**बिजनौर।** गुरु जंभेश्वर प्रशिक्षण संस्थान रन भाई नव चेतना सेवा संस्थान और कोनार आर्यन फाउंडेशन तथा स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मल देवता ग्राम कड़ी दधीचि सहेली में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महायज्ञ का आयोजन अपने जीवन में सुख शांति बनाए रखने के लिए किया गया। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी लोगों ने मिलकर वहां विभिन्न तरह के पौधों को लगाया। साथ ही वहां उपस्थित सभी लोगों ने सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जीआर गुप्ता पूर्व प्राचार्य वर्धमान कॉलेज, डॉ. अजय राणा विभाग अध्यक्ष वर्धमान कॉलेज, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. राजीव कुमार विश्नोई, आयोजक संस्थाओं के प्रभारी का रोहित विश्नोई, डॉ. अमित चिकारा, राजीव चौधरी, दीपेंद्र कुमार राणा, प्रभात शर्मा आदि मौजूद थे।

### भाकियू की संगोष्ठी 15 जुलाई को



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की संगोष्ठी की तैयारी जोर शोर से जारी है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले क्षेत्र के विकास को लेकर संगष्ठी का आयोजन आगामी 15 जुलाई को मंडी समिति किरतपुर में किया जाएगा । संगोष्ठी में किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं तथा मुद्दों पर चर्चा होगी। संगोष्ठी में यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही भाग लेंगे। संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ग्राम सुरनंगली, छोटा पैमार, बड़ा पैमार, भरैकी, दूधला दूधली आदि गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क करने वालों में तहसील महासचिव हितेश चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष देशराज सिंह, पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह आदि शामिल रहे। नजीबाबाद ब्लॉक उपाध्यक्ष गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने जनसंपर्क करने वाली टीम की प्रशंसा की है।

### नईम अंसारी के परिजनों को दी सांत्वना



**राजा का ताजपुर।** समाजसेवी प्रोपर्टी डीलर नईम अहमद अंसारी की मौत की खबर सुनकर परिवार वालों से मुलाकात करने पहुंचे पूर्व बसपा प्रत्याशी वरिष्ठ आजाद समाज पार्टी के नेता हाफिज उस्मान अंसारी ने कहा कि परिवार को अधिकारियों से मिलकर हर मुमकिन इंसाफ दिलाकर मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं। इस दुख की घड़ी में परिवार अकेला नहीं है। हम सब उनके साथ है। नईम अंसारी की कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है। मगर उनके बीवी बच्चों उनके साथ दुख की इस घड़ी में परिवार का दुख बांटा जा सकता है। क्योंकि नईम अंसारी एक नेक दिल मिलनसार व्यक्ति थी। वह गरीबों बेसहारों के हमदर्द थे। उनके अचानक दुनिया को अलविदा कह देने से हर कोई सदमे में है। उनके निवास पर हर रोज सैकड़ों राजनीतिक पार्टियों के लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। हर कोई उनकी मौत की खबर सुनकर परिवार के साथ दुख में शामिल होकर नईम अंसारी के परिवार का दुख बांटना चाहता है। इस मौके पर समाजसेवी मकसूद ठेकेदार, तंजील अंसारी, हामिद मकरानी, हाजी इरफान मकरानी, नईम अहमद एडवोकेट, जमील ऐडवोकेट, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी, सरफराज सिद्दीकी, सलीम अंसारी, अकबर नबी इदरीसी, बसपा पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, निसार, जिला पंचायत सदस्य इमरान, मौहम्मद अहमद, शाहबुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

### वर्धमान कॉलेज ने जीता मैच



**बिजनौर।** वर्धमान क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर शिखर क्रिकेट एकेडमी धामपुर और वर्धमान क्रिकेट एकेडमी के बीच वन डे मैच का आयोजन किया गया । मैच में वर्धमान कॉलेज ने **187** रन के विशाल अंतर से जीत हासिल करी। रिहान प्लेयर ऑफ दी मैच रिहान खान व सामर्थ सिंह संयुक्त रूप से रहे। मैच में वर्धमान कॉलेज के कप्तान आयुष कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खो कर **253** रन बनाए। जिसमें सामर्थ सिंह ने **59**, उत्कर्ष शर्मा ने **44**, अर्श मलिक ने **39**, अक्षय कुमार ने **22** अभिषेक बालियान ने **19** रन बनाये। शिखर क्रिकेट एकेडमी धामपुर की और से बोलिंग करते हुए वैभव प्रताप ने तीन ऋषभ राजपूत ने दो, चाहत, उपकार, आदित्य, प्रिंस ने एक-एक विकेट लिये। धामपुर क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने जवाब में बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खो कर मात्र **66** रन बना कर सिमट गई। जिसमें नमन चौहान ने **14** और प्रिंस चौहान ने **12** रन बनाये। वर्धमान कॉलेज बिजनौर की ओर से बोलिंग करते हुए रिहान ने चार, कप्तान आयुष कुमार ने दो, हिमांशु, सामर्थ, अभिषेक, ने एक-एक विकेट लिए। अंपायर -मनीष चौहान व प्रलभ शांतनु, स्कोरर -मनीष चौधरी रहे। इस अवसर पर एकेडमी सचिव डॉ. जयदीप शर्मा, कोच मौहम्मद मोहसिन व अमित श्रीवास्तव, बिशन सिंह, राजू सिंह, धामपुर के टीम मैनेजर वैभव प्रताप सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**नाम संशोधन सूचना**

मैंने वर्ष **2023** में हाईस्कूल की परीक्षा संस्थागत छात्र के रुप में एम.के.डी. चिल्ड्रेन एकेडमी, रानी बाग कॉलोनी, धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण की है। जिसका अनुक्रमाक:- **25161878** है।

मेरे हाईस्कूल प्रमाण-पत्र सह अंक पत्र में मेरी माता का नाम नीरज जहां दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरी माता का सही व शुद्ध नाम महराज जहां है। मेरे हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र, सह अंक पत्र में मेरी माता का दर्ज गलत व अशुद्ध नाम नीरज जहां के स्थान पर सही व शुद्ध नाम महराज जहां दर्ज किया जाये।

**अबबकर पुत्र शमीम अहमद निवासी मौहल्ला मनिहारान, कस्बा शेरकोट, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

# सांप के डसने से मासूम राघव की मौत

## विज्ञान भी हार गया, आस्था भी टूटी पर नहीं लौटी सांसें





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर/स्योहारा।** स्योहारा क्षेत्र के गांव चंचलपुर निवासी मजदूर प्रदीप के 7 वर्षीय बेटे राघव की मौत ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। गुरुवार दोपहर जब राघव अपने घर में मोबाइल देख रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों ने तुरंत निजी डॉक्टर से इलाज शुरू कराया, फिर स्योहारा, हरेवली और मुरादाबाद तक भागदौड़ की, लेकिन रात 11 बजे डॉक्टरों ने राघव को लाइलाज घोषित कर दिया।

मासूम की सांसों को बचाने के लिए परिजनों ने तब आस्था का रास्ता अपनाया और उसे जहांगीर बाबा के मंदिर, गांव सरकड़ा में ले गए। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मंदिर पहुंचे परिजनों ने पुजारी से अनुष्ठान शुरू करवाया। उपले जलाकर कढ़ाई गर्म की गई, जिसे राघव के सिर पर रखा गया। मंत्र, झाड़-फूंक और पूजा से तीन घंटे तक लगातार कोशिश होती रही, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। बार-बार पल्स चेक की गई, लेकिन नतीजा वही रहा कोई प्रतिक्रिया नहीं। आखिरकार तीन घंटे बाद धार्मिक अनुष्ठान रोक दिया गया। राघव की मौत एक हादसा नहीं, बल्कि समाज के सामने एक सवाल बनकर खड़ा है, जब चिकित्सा व्यवस्था जवाब दे देती है, तब गरीब आखिर जाए कहां?

क्या आस्था के नाम पर जीवन से खेलने की मजबूरी हमारी विफलताओं की कहानी नहीं है?

### ग्रामीण बोले- सांप दोबारा दिखाई दिया, शायद जहर चूसने आया था

**धामपुर।** घटना के बाद मंदिर में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्हें उसी तरह का सांप फिर से राघव के कमरे में दिखा। कई महिलाओं का कहना था कि यह सांप राघव का जहर चूसने आया होगा। यह बात सुनकर कई लोग हक्के-बक्के रह गए। कुछ लोगों ने सांप को ढूंढने का प्रयास किया, पर वह फिर नहीं दिखा। गांव में इस पर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### मां की आंखों में दिखाई दिया दरिया, पिता चमत्कार की उम्मीद में टकटकी लगाए रहा

**धामपुर।** मंदिर परिसर में राघव की मां बेसुध रोती रही। उसकी आंखों से रुक-रुककर आंसू गिरते रहे, मानो अंदर का दर्द एक दरिया बनकर बह रहा हो। पिता प्रदीप मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा अपने बेटे को देखता रहा। हर मंत्र, हर झाड़-फूंक के साथ उसकी आंखें किसी चमत्कार की तलाश करती रहीं। कभी पुजारी की ओर देखता, कभी बेटे की ओर। राघव के शरीर की ओर टकटकी लगाए बैठा प्रदीप तब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहा था, जब पल्स जीरो हो चुकी थी।

### चमत्कार की उम्मीद में ग्रामीण मंदिर के बाहर एकत्र रहे, भजन संध्या भी चली

**धामपुर।** जैसे ही यह बात फैली कि राघव को सांप ने काट लिया और अब मंदिर में अनुष्ठान चल रहा है। पूरे इलाके से सैकड़ों लोग मंदिर पर पहुंच गए। मंदिर परिसर में भजन मंडली भी पहुंच गई, जो लगातार भक्ति संगीत और भजन गाती रही। भोले तेरी लीला अपार है। माहौल एक आध्यात्मिक दरबार में बदल गया, लेकिन हर किसी की आंखें एक ही सवाल कर रही थीं क्या राघव बचेगा?

## बुजुर्ग को सांप ने काटा, हालत में सुधार



**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला मिलकियान निवासी 60 वर्षीय मतलूब पुत्र इलियास को खेत में कार्य करते समय एक विषैले सांप ने उनके पैर में काट लिया। जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सर्पदंश की स्थिति को नियंत्रित किया। समय रहते इलाज मिलने के चलते मतलूब की हालत में जल्द ही सुधार देखा गया। चिकित्सकों द्वारा उचित उपचार के बाद उन्हें कुछ घंटों के अंदर ही स्वस्थ घोषित कर घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### विवाहिता ने की आत्महत्या



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीठ्ठापुर निवासी 28 वर्षीय संगीता पत्नी राहुल कुमार ने घरेलू कलह में आत्महत्या कर ली। संगीता की शादी करीब सात-आठ वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आत्महत्या के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। ग्रामवासियों में इस घटना को लेकर शोक और चिंता का माहौल है। वहीं मृतका के परिजन गहरे सदमे में हैं।

### दस्तक अभियान शुरू



**स्योहारा।** ब्लॉक में संचारी रोग नियंत्रण के तहत दस्तक अभियान की शुरुआत हो चुकी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि 180 टीमों द्वारा 31 जुलाई तक घर-घर जाकर बुखार, टीबी, आईएलआई, कुपोषण कुष्ठ रोग, फाइलेरिया व कालाजार की स्क्रीनिंग की जाएगी। संभावित मरीजों की जानकारी आई कवच पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे समय पर इलाज संभव हो सके। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकर्ता मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व दस्त जैसे रोगों से बचाव के उपाय भी बताएंगी। छोटे बच्चों वाले घरों में ओआरएस व जिंक टैबलेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही 14 सवालों वाला सर्वे फॉर्म भरकर संचारी रोगों की जानकारी जुटाई जाएगी। इस दौरान राजेश कुमार, वीर सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, शालिनी बिश्नोई, राशि, अनम, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोंमेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुनः सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2022 के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएल एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएल एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्र प्राची सिंह ने 90.13 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अंकित कुमार ने 89.62 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा विकास चौधरी ने 89.52 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, प्रबन्ध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अन्सारी, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंषिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम



**अफजलगढ़।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्ष उल्लास से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महर्षि वेदव्यास के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन अर्पित किए गए। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने महर्षि वेद व्यास के बारे में बताया कि वह यमुना नदी के एक द्वीप में पैदा हुए थे और उनका रंग सांवार था, इसलिए वह कृष्णा द्वैपायन के नाम से भी जाने गए। महर्षि वेदव्यास ज्ञान के भंडार हैं। उन्होंने महाभारत की रचना की तथा चारों वेदों एवं 18 पुराण को व्यवस्थित किया। इसलिए उनका जन्म दिवस गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर संजना चौहान, जस्सी, साची चौहान, इल्मा परवीन, आयुष, तरुण, डेविड कुमार आदि भैया बहनों ने महर्षि वेदव्यास से संबंधित पौराणिक कथाएं छात्र-छात्राओं के समक्ष पेश की। ओमकार सिंह ने महर्षि वेदव्यास का जीवन वृत एवं मनुष्य के जीवन में गुरु के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, रमाकांत तिवारी, श्रीमती अरुणा देवी, श्रीमती शिखा गुप्ता, अमरीश कुमार आदि की सहभागिता रहे।

### कृष्णा इंस्टीट्यूट में पौधारोपण



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक बिजनौर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान - 2025 वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राविधाक शिक्षा परिषद् की ओर से आवंटित पौधों का कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक के प्राचार्य संजीव कुमार के नेतृत्व में कालेज परिसर में कालेज के अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं अन्य स्टाफ ने महाअभियान में प्रतिभाग करते हुए वृक्षारोपण अधिकाधिक पौधारोपण किया। इस अवसर पर कालेज में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कृष्णा इंस्टीट्यूट प्राचार्या डा. सीमा शर्मा एवं पॉलिटेक्निक प्राचार्य ने उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महा अभियान की सराहना की। वृक्ष हमारी पृथ्वी का एक सुरक्षा कवच है, पेड़ जीवनदायी होते है और हमारी आक्सीजन की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रवक्ता शशांक भटनागर, सोनिस कुमार, मोनिका शर्मा, नितिन राजपूत, विपिन कुमार, सोनाली चौधारी, विमल चौहान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाने का रिकार्ड तोड़ लक्ष्य निर्धारित किया है।

## एक नजर

### मदरसा मिताहुल उलूम में पौधारोपण



**चांदपुर।** मदरसा मिताहुल उलूम में एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री के अभियान को आगे बढ़ाते हुए मदरसा शिक्षकों ने मदरसा परिसर में पौधारोपण कर पेड़ पौधों से होने वाले लाभों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मदरसे में शिक्षकों व बच्चों को अपने संक्षिप्त सम्बोधन में मैनेजर साद उर रहमान ने कहा कि पेड़ पौधों से मानव जीवन को स्वच्छ ऑसीजन प्राप्त होती है, पेड़ पौधे ही मानव जीवन का असली आधार है। इस मौके पर सीनियर शिक्षक फरजान अहमद, सरताज अनवर, मौलाना मौहम्मद अंजार, मौहम्मद यासीन, सचिन कुमार, रेहान अहमद, मास्टर शमीम अहमद, नसीम अहमद, निगहत बेग आदि शिक्षकगण पौधारोपण अभियान का हिस्सा बने।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन



**हल्दौर।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को नगर के बालाजी धाम जमुनादास धर्मशाला पर श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सभासद चंद्रपाल सिंह, रमेश मुंशी, करण सिंह आदि रहे। धूलिया महादेव संस्थान पर हवन पूजन के बाद आयोजित भंडारे में रघुवीर शरण शर्मा, चरण सैनी, सुरेश शर्मा, अवधेश शर्मा, राजा आदि का सहयोग रहा। अट्टे वाले बाबा के मठ पर यज्ञ उपरांत विशाल भंडारे में वरुण प्रताप सिंह, संजय कश्यप, मोहित चौहान, विपिन कुमार, लव कुमार, अंकुश, सौरभ, कामेंद्र चौहान, राजन ठाकुर, मुन्ना सैनी, जंग. बहादुर सिंह आदि का सहयोग रहा। वहीं गांव शफीपुर नंगली में स्थित प्राचीन स्वयंभू महादेव धाम ट्रस्ट में पुजारी भूपेंद्र सिंह, पंडित कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर मुख्य यजमान सहदेव, दिग्विजय सिंह, विकास चौधरी, मुनेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विकास कुमार उर्फ नूरी आदि मौजूद रहे।

### योग गुरु को किया सम्मानित



**धामपुर।** गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाया गया। क्षत्राणी महिला ग्रुप सिंह विहार कॉलोनी जैतरा में योग गुरु अशोक कुमार गोयल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने योग गुरु के प्रति अपनी भावना प्रकट की और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शोभा राजपूत, निर्देश राजपूत, हिमांचल, मंजू, पूनम, अनीता, बालेश, ममता, ज्योति, शकुंतला आदि शामिल रहीं।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारा



**धामपुर।** श्री साई सेवा संघ धार्मिक, सामाजिक संस्था के संस्थापक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया की पिछले पच्चीस वर्षो से प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा उनके परिवार के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, अनिल शर्मा एडवोकेट, अनिल कश्यप, नवचेतन शर्मा, रश्मि रावल प्राचार्य, डॉ. पूनम चौहान आदि मौजूद रहे।

# छात्र नेता पर जानलेवा हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा** लोकमणि कॉलेज स्योहारा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब अखिल भारतीय परिषद से जुड़े छात्र नेता मोहम्मद कलीमुद्दीन उर्फ सानू शेख पर क्लास रूम के बाहर जानलेवा हमला किया गया। एल.एल.बी. के छात्र सानू शेख कॉलेज में अपने प्रैक्टिकल देने पहुंचे थे, तभी उनके साथ यह घटना घटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रार्थी कक्षा में पहुंचे। वहीं मौजूद छात्र राजा ने उन्हें निशाना बनाते हुए कहा तू बहुत नेता बनता है और अभद्र व्यवहार किया। माहौल गरमाता देख सानू शेख कक्षा से बाहर निकल गए। उन्होंने राजा के एक रिश्तेदार को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद राजा कुछ अन्य युवकों के साथ कॉलेज परिसर में बाहर आया और सानू शेख पर अवैध हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सानू शेख को गंभीर चोटें आईं। साथ ही उनके मोबाइल फोन को तोड़ दिया गया। हाथ से घड़ी और जेब से कुछ रुपये भी गायब हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आए। सानू शेख लंबे समय से छात्रहितों के मुद्दों को बेबाकी से उठाते आ रहे हैं, जिससे कॉलेज प्रशासन और कुछ अन्य पक्षों में उनके प्रति असंतोष देखा गया है। प्रार्थी का आरोप है कि यह हमला केवल व्यक्तिगत रंजिश नहीं बल्कि उनके सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों को दबाने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें जान का खतरा है। छात्र राजनीति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह के हथियारबंद हमले न केवल निंदनीय हैं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

## बाट माप निरीक्षक ने रिपेयरकर्ताओं को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** जीरो करप्शन के आधार पर चल रही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया गया है ताकि आमजन और सरकारी अफसरान और शासन के बीच सब कुछ आईने की तरह साफ रहे और कही रिश्वतखोरी की होना तो दूर उसके आरोप भी जिम्मेदारों पर न लग सके।

इसी क्रम में ऑनलाइन हुए बाट माप कार्यालयों में भी दिन प्रतिदिन मरम्मतकर्ताओं सहित डीलर और मैन्युफैक्चरर्स को भी ऑनलाइन जमा की जाने वाली फीस के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। आज बाट-माप कार्यालय चांदपुर में बाट माप निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सभी रिपेयरकर्ताओं, डीलरों व मैन्युफैक्चरर्स को दफ्तर बुलाकर स्टेप बाई स्टेप फीस जमा करने सहित डीलर स्टॉक की मोहर लगवाने को समझाया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया एक दो बार प्रयास के बाद स्वयं ही आदत में शुमार हो जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक ऑनलाइन कार्य करने और ग्राहकों को संतुष्ट करने की बात कही। वहीं दफ्तर में मौजूद बड़े बाबू बालमुकुंद शाह ने बताया कि आने वाला समय सब ऑनलाइन प्रक्रिया का है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देशन में कार्य करते हुए प्रक्रियाबद्ध चलेंगे, तो हमें भविष्य में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर बाट माप निरीक्षक संजय कुमार, बड़े बाबू बालमुकुंद शाह सबरी, रिपेयरकर्ता चंद्रमोहन, नरेंद्र सिंह, रोहित बंसल, अंकित अग्रवाल, पुष्पेंद्र सहित दर्जनभर लोग मौजूद रहे।

### आने वाला समय और भी अधिक ऑनलाइन प्रक्रियाओं से भरा : बालमुकुंद

## धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी के शुरू होने के उपलक्ष में कलश यात्रा धूमधाम से निकल गई। कलश यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया गया।

दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें महिलाएं पीत वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखकर जय कारे लगाते हुए चल रही थी।

कलश यात्रा में आगे गाड़ी में डीजे धार्मिक धुन बजाता हुआ चल रहा था। बीच में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। एक बग्गी में शिव पार्वती परिवार की झांकी भी चल रही थी और बग्गी में कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ सबको आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। बड़ी मंडी स्थित कथा स्थल पर श्री शिव महापुराण कथा समिति के राजीव धनोरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, परमेश्वर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश कौशिक, संजीव अग्रवाल, मदन राणा द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा का हरीश कारीगर परिवार द्वारा पुष्प वर्षा और मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ, अमित वशिष्ठ, सुमित वशिष्ठ, दीपक वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, रानी वर्मा, सुरभि वर्मा, डॉ. अनुज वर्मा, आशीष राजपूत, अशोक राजपूत, मोनिका गुप्ता, विकल गुप्ता, लता रानी, निर्देश चौहान, अनीता, अंजना, विमला, सलोनी, ममता, अनिकेत वर्मा, राजीव वर्मा, बृजेश चौहान, सीता रानी, सुनीता, कविता चंद्र चौहान, लक्ष्मी रानी, इंदिरा देवी, निधि अग्रवाल, मीना कुमारी, आदर्श सक्सेना, रजनी राजपूत आदि महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

### जाली वाले मंदिर में आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम

# गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्योहारा नगर एक बार फिर श्रद्धा संस्कृति और सनातन परंपरा के रंग में रंग गया। नगर के प्रतिष्ठित जाली वाले मंदिर में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ मिलनसार एवं जनप्रिय नेता अरुण कुमार वर्मा के संयोजन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पूज्य आचार्यों और गुरुओं को ससम्मान अंगवस्त्र और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु न केवल जीवन को दिशा देते हैं बल्कि समाज को संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने वाले स्तंभ भी हैं। जब तक समाज में गुरु-शिष्य परंपरा जीवित है तब तक भारतीय सभ्यता की जड़ें अडिग रहेंगी। अरुण कुमार वर्मा न सिर्फ एक राजनीतिक नेता हैं बल्कि सामाजिक समरसता सांस्कृतिक मूल्यों और धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली एक प्रेरणादायक शख्सियत भी हैं। उन्होंने अपने सामाजिक कार्यो, धार्मिक आयोजनों और युवाओं को संगठित करने की दिशा में जो योगदान दिया है, उसकी सराहना पूरे जनपद में होती है। इस आयोजन में अनेक गणमान्य, संत, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से सेक्टर संयोजक शक्ति केंद्र आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिजनौर अमित कुमार वर्मा, मनुज वर्मा, पंडित राजेंद्र शास्त्री, पंडित राकेश शर्मा, पंडित तनुज उपाध्याय, सोनू वर्मा, राजीव वर्मा, वंश वर्मा, विपिन शर्मा, हरपाल सिंह सैनी, संतोष सैनी, कुश कुमार, महेंद्र सिंह सैनी जैसे सम्मानित नाम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। यह आयोजन न केवल गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव था बल्कि एक सामाजिक जागरूकता का भी संदेश था कि हमें अपनी संस्कृति परंपरा और धर्म के मूल स्तंभों को सहेज कर रखना है।

# बिजली का निजीकरण किया, तो तराई किसान यूनियन करेगी बड़ा आन्दोलन

## यूनियन की बैठक में दी सरकार को चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तराई किसान यूनियन की पंचायत में यूनियन नेताओं ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ हुंकार भरी है। यूनियन कार्यकर्ताओं ने निजीकरण करने पर बड़ा आन्दोलन करने की चेतावनी दी है।

ग्राम खगूपुरा आयोजक जैबुल मलिक के नेतृत्व में आयोजित हुई पंचायत में बिजली के निजीकरण को लेकर किसानों ने चेतावनी दी कि अगर बिजली का निजीकरण सरकार ने किया तो एक बड़ा आंदोलन उत्तर प्रदेश में तराई किसान यूनियन करेगी, सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में नए सदस्यों को भी तराई किसान यूनियन की सदस्यता दिलाई गई। पंचायत में सैकड़ो किसान इकटठा हुए। इस दौरान तराई किसान यूनियन के मुख्य पदाधिकारी भी पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद, अब्बास चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, रफी खान प्रदेश मुख्य सचिव, आमिर प्रधान मंडल अध्यक्ष, युवा जिला अध्यक्ष जैबूल हसन, असीम अहमद युवा जिला महासचिव, अजय कुमार युवा जिला महामंत्री, कोरेश युवा जिला सचिव संभल, कामिल मुल्लाजी, नबी, जमरूद भाई, सानू, सफीक मंसूरी, आजम मलिक आदि मौजूद रहे।



ग्राम खग्गूपुरा में बैठक कर एकजुटता दिखाते तराइ किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

### पांचवे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**बबराला।** आधारहीन आदेश के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं की हड़ताल से वादकारी तारीख लेकर लौट रहे हैं। तहस.लिदार परगना रजपुरा पर न्यायिक कार्य का सम्पादन, आधारहीन आदेश व पत्रावलियों एवं फर्दे अहकाम पर पारित किए जाने के आरोपों को लेकर अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार पॉचवे दिन भी जारी रहा। इस दौरान गुन्नार बार वेलफेयर एसोसिएशन की आहूत बैठक में नायब तहसीलदार परगना रजपुरा के न्यायालय का पूर्णत: बहिष्कार करते हुए न्यायिक कार्य से अनिश्चितकालीन विरत रहने का निर्णय लिया जबकिअन्य सभी अदालतों में अधिवक्ता कार्य सुचारू रूप से करेंगे।

# अभाविप ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन कर प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित समारोह मे संगठन मंत्री दिवाकर बावरा विभाग के प्रमुख डी के अग्निहोत्री जिला संयोजक पीयूष बिडोलिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हितेश प्रजा.पति, तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति अमर कुमार, आदित्य प्रजापति, मोहित कश्यप, नगर मंत्री रितिक प्रजापति नगराध्यक्ष रितिक वार्ष्णेय ने कक्षा 10 व कक्ष्ख 12 में प्रथम, द्विती ओर तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें सरस्वती विष्धा मंदिर, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज,जेडीओ स्कूल, उम्मेदराय स्कूल हयात नगर, बी डी इंटर कॉलेज सराय तरीन, कन्या पाठशाला हयात नगर आदि स्कूलों के बच्चे शामिल रहे।




अभाविप के समारोह में मेधावियों को सम्मानित करते।

# चोरी की बाइक समेत दबोचा हिस्ट्रीशीटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अपराध रोकने और अपराधों पर नियंत्रण को लेकर चल रहे अभियान में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को चोरी की गई बाइक व तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस अधीक्षक अलोक कुमार भाटी व थाना प्रभारी थाना हयातनगर संजीव कुमार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं हिस्ट्रीशीटरो के विरुद्व अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने शातिर हिस्ट्रीशीटर शहजाद उर्फ गटुआ पुत्र मुख्तियार नि. मौ. भूडा सरायतरीन थाना हयातनगर को धर दबौच लिया। पकड़े कए हिस्ट्रीशीटर से चोरी की गई एक मोटर साईकिल, एक तमंचा 12 बोर, मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर को कोटला ईदगाह के पास खडंजे पर सरायतरीन से पकड़ा। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व से 14 मुकदमे दर्ज हैं।



अवैध तमंचा व चोरी की बाइक समेत दबोचा गया हिस्ट्रीशीटर।

### खड़े युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**बबराला।** सड़क के पास खड़े युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमे वह घायल हो गया। शुक्रवार को आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव भकरोली पर ओम गिरी पुत्र गिरी निवासी सेजना अहरान थाना गुन्नौर किसी काम से अपने गांव से कुछ सामान लेने भकरोली आया था। तभी पीछे से बाइक सवार दिनेश पुत्र प्रेम सिंह निवासी दबथरा हरलाल थाना जुनावई व लखन पुत्र रामनिवास निवासी दबथरा हरलाल थाना जुनावई व पीछे बैठी उसकी रिश्तेदार ममता पत्नी श्याम बाबू निवासी सिलारी थाना रामघाट जिला बुलंदशहर तीनो लोग चंदौसी से दवा लेकर वापस लौट रहे थे।तभी गांव भकरोली के पास पैदल सड़क के पास खड़े ओम गिरी से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से रूप से घायल हो गया।

# पीडीए को मजबूत करें सपा कार्यकर्ता

## मासिक बैठक में दिए निर्देश, किसानों को खाद बिजली नहीं मिलने के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में पी डीए को मजबूत करने और वोट बनवाने पर ध्यान केन्द्रीत करने पर ज़ोर दिया। जबकि प्रदेश सरकार में किसानों को सिंचाई के लिए बिजली व खाद नहीं मिलने के आरोप लगाये।

कैम्प कार्यालय बहजोई पर सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पी डी ए को मजबूत करने लिए जिला की सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं सभी पदाधिकारीओ को मजबूत करने में लगना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से वोट बनवाने पर भी ध्यान दें जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी उन्होंने कहा आज योगी सरकार में किसानों को सिंचाई के लिए खाद्य बिजली की नहीं मिल पा रही है। संचलन करते हुए जिला महासि.चव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा की बैठक में आय सभी पदाधिकारी पार्टी को घर घर जाकर मजबूत करने का काम करें। बैठक को विमलेश कुमारी, ताहिर उल्ला खान, उमेश यादव ने भी किया शोभित कुमार काका सद्दाम कुरेशी सूरज यादव भावना सक्सैना पप्पू यादव सुनीता यादव। इस मौके पर सोनी ठाकुर सत्यभान यादव उमेश गुप्ता मनोज शर्मा मुकेश यादव रविन्द्र पाल अंश वरनवाल बब्बन मोर्या ए पी शर्मा डा होराम सिंह जाटव मनीष यादव शिवम यादव अकरम वीरपाल यादव सददन शेख रियासत भाई एस पी विलाल पवन यादव कपिल देव अनिकेत यादव अमर सिंह यादव पिनटेश शर्मा बृजेन्द्र कश्यप ठा. तेजेन्द्र सिंह राघव सिंह यादव आदि नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।




समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी।

# गांव को बदलना हो तो 'जियो और जीने दो' की भावना से बढ़े आगे: मुख्य विकास अधिकारी

## जन चौपाल का आयोजन कर दी योजनाओं की जानकारी, समस्याओं का किया समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गांव की समस्या का समाधान गांव में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी और समस्याओं को सुना गया।

विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत कुतुबपुर सक्ता में आयोजित जन चौपालमें स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये। एडीओ आईएसबी कुलदीप सिंह द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजी.विका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद तथा अन्य योजनाओं के विषय में बताया गया।

एडीओ एजी द्वारा कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम योजना, फार्मर रजिस्ट्री तथा फैमिली आईडी आदि की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचा.लित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आयुष्मान गोल्डन कार्ड आदि योजनाओं की जानकारी दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढाएं योग्य शिक्षको द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। अपर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह ने आर आर सी सेन्टर, कचरा उठान आदि पर चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने आशा डायरी को चेक किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गाँव की समस्या का गाँव में समाधान हो है। गाँव को बदलना हो तो सबके सहयोग की भावना एवं साम.ुदायिक भावना तथा जियो और जीने दो की भावना से आगे बढ़ना होगा। पुन: प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करना होगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना है। वीएचएनडी सत्र एवं स्वास्थ्य पोषण दिवस वाले दिन गर्भवती माताएं गर्भ की जानकारी सत्र में दें तथा त्रिमासिक जांच कराएं। आशाएं अपना कार्य जिम्मेदारी से करें। प्रधानमंत्री का सपना है देश को 2047 ई तक देश को विकसित करना है इसलिए सभी को योगदान देना होगा। आशा को रजिस्टर अपूर्ण होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास के विषय में भी ग्रामीणों को बताया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, एडीओ सहकारिता रोहतास सिंह तथा ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान सन्तरा देवी आदि मौजूद रहे। चौपाल की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटटे ने की।




ग्राम कुतुबपुर सक्ता में जन चौपाल को सम्बोधित करते सीडीओ

### जुलूस के मार्गों पर बढ़ी सुरक्षा

**सम्भल।** श्रावण मास में कांवड़ियों के आवागमन वाले मार्गों पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। मिश्रित व एक वर्ग बहुल्य क्षेत्रों वाले जुलूस के मार्गों पर पुलिस को तैनात किया गया है। सावन माह का शुभारम्भ हो गया है। श्रावण मास के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लाने कांवरियों के जत्थे जुलूस के साथ जाने शुरू हो जायेंगे। कांवरियों के जुलूस के दौरान कोई परेशानी न हो और सुरक्षा के लिए पुलिस की ओर से विशेष इंतेजाम किए गए है। गंगा जल लेने व पवित्र गंगा से गंगा जल लोकर आने वाले कांवरियों के मार्गों पुलिस चौकसी कड़ी कर दी।

# धार्मिक विकास पर खर्च होंगे सात करोड़

## पर्यटन विभाग की ओर से दी गई मंजूरी, कल्कि मंदिर पर खर्च किए जाएंगे तीन करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** धार्मिक और पर्यटन नगरी की दशा सुधारने व संवारने को लगाकर काम किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकताओं में शामिल धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करन के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे है।

इसी के तहत धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करने की योजना तैयार की गयी है। जिसके तहत पर्यटन विभाग की ओर से वर्तमान में 7 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसमें से तीन करोड़ रुपए कल्कि मंदिर के सौंदर्यकरण पर खर्च किए जायेंगे। उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने शहर के 68 तीर्थ और 19 कूपो में श्रृषिकेश, शंख माधव तीर्थ, महाकूप, मृत्युंजय कूप तथा कल्कि मंदिर का निरीक्षण कर योजनाओं का क्रियानवयन किस तरह से किया जाना है इसकी योजना को तैया कराया। उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने कहा कि यह कार्य धार्मिक विकास नहीं बल्कि शहर की गरिमा को पुर्नस्थापित करने की दिशा में एक शुरूआत है। जिसके तहत भगवान कल्कि मंदिर में भव्य परिक्रमा पथ, धार्मिक चित्रकारी, सुंदर गार्डन, श्रृद्वालुओं के बैठने की व्यवस्था और भगवान कल्कि का भव्य घोड़ा स्थापित कराया जायेगा। उन्होने बताया कि परियोजना पर कल्कि मंदिर के लिए 3 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन विभाग ने पूरे धार्मिक विकास के लिए प्रस्तावित कार्य के लिए 7 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। अब विभाग की ओर से सर्वे शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि आगामी एक माह के भीतर कार्य शुरू होने की सम्भावना है।

# ट्रांसफार्मर फुंकने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

- **बिजली विभाग के खिलाफ की जमकर नारेबाज़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर से सटे ग्राम बाघऊ में 5 दिन से ट्रांसफार्मर फूक जाने औरे बिजली न आने से ग्रामीणों का रोष फूट पड़ा। गुस्साये ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रर्दशन कर नारेबाजी की।

शुक्रवार को गांव बाघऊ के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि 5 दिन से फुंके ट्रांसफार्मर को कई बार शिकायत करने पर भी बदला नहीं गया। ग्रामीण प्रमोद कुमार, भुवनेश, रूपकिशोर ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बच्चे तिलमिला रहे हैं। रात को भीषण गर्मी के कारण पूरी रात बैठे निकल जाती है। जबकि छत पर सोना हो तो रात को बारिश परेशान करती है। जिसके कारण बच्चे, बुजुर्गों, महिला सभी परेशान हैं। बीमार बुजुर्गों की हालत खराब है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने 5 दिन के बाद में ट्रांसफार्मर नहीं बदला है।

केवल आश्वासन दिए जा रहे है। जिसको कई दिन बीत चुके। आज ग्रामीणों ने परेशान होकर गांव में बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।विधुत विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि ट्रान्सफार्मर आ गया है। उसको लगाया जा रहा है।अब जल्द ही बिजली सप्लाई सुचारू हो जाएगी।



ग्राम बाघऊ में ट्रांसफामर फुकने के विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण।

### हर घर सम्पर्क अभियान को आम आदमी पार्टी की बैठक 13 जुलाइ को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हर घर सर्म्पक अभियान की शुरूआत को लेकर आम आदमी की बैठक में विचार-विर्मश किया जायेगा। बैठक में बूथ स्तर तक संवाद और जमीनी कार्यकर्ताओ की भागीदारी पर भी चर्चा की जायेगी।आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हर घर संपर्क अभियान के तहत दिनांक '13 जुलाई को 'बदायूं दरवाजा, सम्भल' में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक का आयोजन शाम 4 बजे होगा। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक संवाद, और जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर विशेष चर्चा की जाएगी।

# शांतिभंग की आशंका में 350 किए जाएंगे मुचलका पाबंद

**सम्भल।** कांवड़ के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन हर अहतियाती कदम उठा रहा है।

कानून और सुरक्षा एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में कांवड़ के जुलूस सम्पन्न कराने को प्रशासन की ओर से कड़े कदम उठाये गए है। धारा 163 लागू करने के साथ पुलिस ने तीन सौ लोगों को शान्ति भंग की आशंका में पाबंद करने की रिपोर्ट भेजी है। जिले में कांवड़ के जुलूस को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है। जुलूस के दौरान आसामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखने के साथ हर जरूरी इंतेजामों को पूरा किया गया है। जबकि शांति बनाए रखने को भी कड़े कदम उठाए हैं। उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि तीन सौ पचास लोगों के खिलाफ सात थानों की पुलिस की ओर से उपजिलाधिकारी के न्यायालय में चालानी रिपोर्ट भेजी गयी है। इनमें विवाद करने वालों को पाबंद किया जाएगा। एक लाख के मुचलके से पाबंद होने वाला कोई समस्या पैदा करता है तो उसका मुचलका जब्त मुचलके की राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा का जल स्तर बढ़ने से बढ़ी किसानों की चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते राजघाट गंगा घाट के गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। गंगा किनारे खेत स्वामियों की चिंता बढ़ती जा रही है।जल स्तर बढ़ने पर गंगा घाट पर गंगा जल लेने आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के भी विशेष इंतेजाम किए जा रहे हैं। राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर काफी बढ़ गया हैं। पहाड़ो और मैदान पर बारिश हो रही है। बारिश गंगा में जल लगातार बढ़ जाता है। जल के बढ़ने पर लोगों के साथ प्रशासन की भी नजर है। इसक अलावा गंगा में जल बढ़ने या घटने से गंगा किनारे के बसे गांव के ग्रामीणों की नजर है।

# दोस्ती के दम पर बाइक से नैपाल का साहसिक सफर

- **पांच युवकों ने सम्भल के इतिहास में वह कर दिखाया जो किसी ने नहीं किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कस्बा गुन्नौर के पाँच युवाओं, मोहम्मद हाशिम, काशिफ, मुबश्शिर, उसामा और आसिफ ने वह कर दिखाया जो आज तक सम्भल के इतिहास में किसी ने नहीं किया।

इन्होंने सीमित संसाधनों में, सिर्फ अपने हौसले और दोस्ती के दम पर, बाइक से नेपाल की 10 दिवसीय साहसिक यात्रा पूरी की और सम्भल का नाम अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर दर्ज कर दिया। इस दल ने भारत की सीमा से रुपैडिया बॉर्डर (उत्तर प्रदेश) से नेपाल में प्रवेश किया और नेपालगंज, बुटवल, पोखरा, नयापुल, गंडुक और पूनं.हल जैसे खूबसूरत और पहाड़ी क्षेत्रें का भ्रमण किया यह यात्रा केवल एक घुमक्कड़ी नहीं, बल्कि असली साहस और आत्मनिर्भरता की मिसाल थी। पाँचों युवाओं ने खुद ही अपनी योजना बनाई, यात्रा से पहले ट्रेकिंग बैग, स्लीपिंग बैग, कैंपिंग किट और जरूरी सामान की खरीदारी की और बिना किसी टूर ऑपरेटर या गाइड के नेपाल की सीमाएं पार कीं। उन्होंने नेपाल में 7 दिनों के लिए 'भन्सार' (वाहन परमिट) प्राप्त किया और बाइक से ऊँचाई वाले ट्रेकिंग क्षेत्रों तक पहुंच कर कई किलोमीटर पैदल ट्रेकिंग और कैंपिंग भी की। यात्रा के दौरान युवाओं ने कई दुर्गम रास्तों को पार करते हुए ऊँचे पहाड़ों, झीलों और जंगलों से होकर अपनी मंजिल तक का सफर तय किया। वहां के स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर नेपाल की संस्कृति, खान-पान और जीवनशैली को भी करीब से जाना। यात्रा के अंतिम दिन युवाओं ने सोनौली बॉर्डर से भारत में पुन: प्रवेश किया युवाओं के इस कदम को सम्भल के लिए एक नई दिशा माना जा रहा है। यह पहला ऐसा समूह है जो सम्भल जिले से निकल.कर, अंतर्राष्ट्रीय बाइक यात्रा पर गया और सुरक्षित रूप से सफल होकर लौटा मोहम्मद हाशिम बोले हमने सिर्फ एक सपना देखा था कि अपनी मिट्टी से निकलकर नेपाल की ऊँचाइयों तक पहुंचें। बिना किसी मदद, सिर्फ खुद के दम पर हमने वो कर दिखाया जो कोई सोचता भी नहीं था इन युवाओं ने यह साबित कर दिया कि अगर जज्बा, मेहनत और दोस्ती साथ हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र अकरम गलत संगत में पड़ गया है और मेरा कहना नहीं मानता है। मेरा पुत्र अकरम जुआ, शराब व अन्य नशे का आदि हो गया है और उसकी पत्नी स्वालेहीन भी अकरम का ही कहना मानती है। मैने अकरम व उसकी पत्नी स्वालेहीन की गलत हरकतों के कारण उनसे अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और उन्हे अपन चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अकरम और उसकी पत्नी अपने गलत कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

**मौ.असलम पुत्र अब्दुल सलाम**
नि. मौ. कोटला सराय तरीन थाना हयात नगर जिला सम्भल।

# एक बारिश नहीं झेल पाईं नवनिर्मित सड़कें

## गुणवत्ता की पोल खोल रही पहली ही बारिश, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बारिश किसी भी शहर के विकास कार्यों की असली परीक्षा होती है लेकिन सड़कें पहली ही बारिश में ढहने लगें तो सवाल निर्माण की गुणवत्ता पर नहीं बल्कि नीयत पर उठने लगते हैं।

नियमानुसार सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता, उचित स्तर पर लेवलिंग, उचित समय तक रोलिंग और परतों का सही अनुपात सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होता है। लेकिन जब निर्माण के कुछ ही महीनों में सड़कों की परतें उखड़ने लगें और गड्ढे जानलेवा बन जाएं, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के पैसों की खुली बर्बादी है। इस प्रकार की घटनाएं स्थानीय प्रशासन, तकनीकी अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत की ओर इशारा करती हैं। ठेकेदार निर्माण कार्य को सिर्फ "निपटाने" की मानसिकता से करता है, और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर फाइलों



पर हस्ताक्षर कर देते हैं। नतीजा जनता भुगतती है, करदाता का पैसा बहता है और विकास सिर्फ कागजों में चमकता है।

नगर में कई स्थानों पर सड़कों की हालत पहली ही बारिश में खस्ता हो गई है। महंगी लागत से बनी ये नवनिर्मित सड़कें महज एक बारिश भी नहीं झेल सकीं और जगह-जगह से उखड़ने लगीं, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में अमृत योजना के तहत पाइपलाइन डाली गई थी जिसके बाद ठेकेदार द्वारा काम निपटाने की मान. सिकता से सड़कों की पेचिंग की गई। कहीं-कहीं सड़क पूरी तरह से नई डाली गई परंतु जलनिगम द्वारा पाइपलाइन चोक हो जाने पर नई सड़क को भी खोद दिया गया और खानापूर्ति कर गड्डों को भर दिया गया परंतु निरीक्षण के बाद जेई द्वारा बिल पास भी कर दिया गया। बाकी कसर रविवार को हुई बारिश ने पूरी पूरी कर दी। सड़कों पर जलभराव के कारण मालगोदाम, सैमरटोला, खुर्जा गेट, संभल गेट, गौशाला रोड नई सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग की ओर से बढ़ती जनसंख्या व घटते संसाधन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि बढ़ती आबादी आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। अनेकों देशों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं।

अधिक जनसंख्या बढ़ने से अधिक लोगों को भोजन, पानी और आश्रय की आवश्यकता होने के कारण भूमि और परिस्थितिकी तंत्र पर दबाव बढ़ता है जिससे आवश्यक संसाधनों की कमी होती जाती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण उपजी समस्याओं से पार पाना सबसे बड़ी



चुनौती बन गया है। साथ ही उन्होंने लैंगिक विषमता एवं उत्पीड़न पर भी प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने संदेश दिया कि जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है और संसाधन घट रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयशा विन्ते द्वितीय स्थान पर हफशा विन्ते व तृतीय स्थान पर सौम्या सैनी रहीं। प्रेरक पुरस्कार फाकेहा को मिला। निर्णायक मंडल का दायित्व डॉ सीमा अग्रवाल विभाग प्रभारी, हिंदी विभाग व डॉ सुनीति लता बी.एड विभाग ने निभाया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ सीमा मलिक ने किया। इस अवसर पर प्रो किरन साहू, प्रो मीनाक्षी शर्मा, प्रो किरन त्रिपाठी,प्रो अनुराधा सिंह,प्रो सीमा गुप्ता,प्रो एकता भाटिया, प्रो वंदना पाण्डेय,प्रो अपर्णा जोशी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

# टीएमयू में साकार करें स्किल्ड फिजियोथेरेपिस्ट बनने का सपना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शारीरिक व्याधियों से मुक्ति के लिए फिजियोथेरेपी एक वरदान है। आधुनिक जीवनशैली के चलते गर्दन दर्द, पीठ दर्द, जोड़ों में सूजन, पक्षाघात, स्पोर्ट्स इंजरी आदि के ट्रीटमेंट में फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसीलिए यह हैल्थ सेक्टर का मोस्ट डिमांडिंग कोर्स है। इसमें बिना दवाइयों के आधुनिक तकनीकों जैसे मैनुअल थेरेपी, इलेक्ट्रोथेरेपी, एक्सरसाइज और रिहैबिलिटेशन का उपयोग किया जाता है। फिजियोथेरेपी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक फायदेमंद ही है। फिजियोथेरेपी कोर्स करने के बाद रोजगार की अपार संभावनाएं है। प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट के लिए न केवल क्लिनिकल सेटअप, बल्कि खेल संस्थानों, पुनर्वास केंद्रों, स्कूलों, औद्योगिक इकाइयों और अनुसंधान संस्थानों में जॉब्स ही जॉब्स हैं। आर्थराइटिस, स्लिप डिस्क, साइटिका, स्ट्रोक (पक्षाघात), स्पाइन डिसऑर्डर, सर्जरी के बाद रिकवरी, स्पोर्ट्स




इंजरीज, पार्किंसन डिजीज, सेरेब्रल पाल्सी में फिजियोथेरेपी रामबाण सरीखी है। यदि आप पीसीबी से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास हैं तो आपको एडमिशन मिल जाएगा। फिजियोथेरेपी कोर्स की खघस बात यह है, फिलहाल इसमें एडमिशन के लिए नीट की दरकार नहीं है। टीएमयू का फिजियोथेरेपी विभाग बीपीटी, एमपीटी कोर्सेज के संग-संग पीएचडी में स्टुडेंट्स को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल बताती हैं, बीपीटी का कोर्स साढे चार साल का है, जिसमें छह माह की इंटर्नशिप शामिल है। ऑर्थोटिक-प्रोस्थेटिक, कार्डियोपल्मोनरी, न्यूरो, मस्कुलोस्केलेटल की अत्याधुनिक लैब्स के संग-संग 1,000 प्लस बेड वाले टीएमयू के सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में लाइव केस ट्रेनिंग मिलती है। एमपीटी में ऑर्थो, न्यूरो, कार्डियो-रेस्पिरेटरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, ऑब्स एंड गायने, पीडियाट्रिक एवम् जेरिएट्रिक फिजियोथेरेपी आदि में स्पेशिलाइजेशन की सुविधा है। स्टुडेंट्स को क्लिनिक, रिसर्च, करियर ओरिएंटेड ट्रेनिंग सरीखी सहूलियतें दी जाती हैं। प्रो. कौल कहती हैं, एमपीटी के बाद छात्र उच्च शिक्षा, शिक्षण, रिसर्च और विदेशों में प्रैक्टिस जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। टीएमयू फिजियोथेरेपी विभाग न केवल छात्रों को डिग्री प्रदान करता है, बल्कि उन्हें एक संवे. दनशील, दक्ष और सामाजिक रूप से जागरूक हेल्थकेयर प्रोफेशनल के रूप में तैयार करता है।

# बिशनपुर के व्यक्ति की गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस के ग्राम बिशनपुर भीमाठेर निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र मजीद अहमद पार्क में हाथियों की मूर्तियों ओर पार्क की साफ सफाई का गाजियाबाद नगर निगम में कार्य करते थे।

मृतक अपने घर बिशनपुर भीमाठेर में आए हुए थे। शुक्रवार की सुबह इमरान पुत्र मोहम्मद इस्लाम अपने पिता मोहम्मद इस्लाम को गाजियाबाद के लिए काठगोदाम ट्रेन में बैठाकर घर लौट गया। मोहम्मद इस्लाम की बेटी गजरौला में रहती है। बेटी के पास सुबह आठ बजे किसी की कॉल आई और कहा कि मोहम्मद इस्लाम नाम का व्यक्ति गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पड़ा है। जिसके मुंह से झाग आ रहे हैं। तभी कॉल काट दी। ड्यूटी करने गाजियाबाद जा रहे मोहम्मद इस्लाम की अचानक गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर मौत हो गई। मृतक की बेटी ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजन तुरंत गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि शव को रेलवे पुलिस ने क्षेत्रिय पुलिस के हवाले कर दिया है। शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पास नीले रंग का बैग तथा मोबाइल फोन था। जोकि मृतक के पास से नहीं मिला।

## एक नजर

### टिमिट की छात्रा का डीमस्टर्स कंसल्टेंसी सर्विसेज कंपनी में चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट की होनहार छात्रा वैष्णवी वर्मा को डीमस्टर्स कंसल्टेंसी सर्विसेज में एचआर रिक्रूटर के पद पर जॉब का ऑफर प्रदान किया गया है। छात्रा का चयन कम्पनी की उच्चतम स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है, जिसमें कम्पनी उनके शिक्षागत प्रदर्शन, व्यक्तिगत गुणवत्ता, तकनीकी ज्ञान और योग्यता के माध्यम से उनकी प्रवीणता को मापा गया। जॉब के दौरान, छात्र को आपक्रिया में लाने, उच्चतम स्तरीय तकनीकी उपायोगिता के साथ प्रौद्योगिकी नवाचारों को समझने



मेघा कौशिक

का अवसर मिलेगा। टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें उम्मीद है कि यह छात्र के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। हम वैष्णवी वर्मा को उनके नौकरी के लिए बधाई देते हैं और उनकी सफलता की कामना करते हैं। उम्मीद है कि इस अनुभव से वे नए आदर्श और नई उच्चताओं की ओर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर सीआरसी के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने में किसानों के लिए वरदान साबित होंगी मुद्दा परीक्षण प्रयोगशालाएं: अपर गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डा. बी बी. सिंह, अपर गन्ना आयुक्त (समिति)/नोडल अधिकारी, ने मुरादाबाद मण्डल के दो दिवसीय भ्रमण की शुरूआत जनपद बिजनौर की चीनी मिल नजीबाबाद से की। बिजनौर भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी ने सर्व प्रथम सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड नजीबाबाद में स्थापित टिश्यू कल्चर लैब एवं मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। टिशू कल्चर लैब में नवीन प्रजातियों कोश. 17231, 18321, 19231,कोलख. 16202 , कोश. 13235, एवं को 15023 आदि प्रजातियों की सीडलिंग्स तैयार की जा रही है । मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के निरीक्षण के दौरान नोडल द्वारा निर्देश दिए गये कि चीनी मिल क्षेत्र में 25 -25 ग्रामो का जोन बनाकर (फर्टिलिटी मैप) मृदा उर्वरता मैप बनाया जाये तथा प्रत्येक जोन से मृदा नमूने लेकर जांचोपरांत उर्वरकों का प्रयोग आवश्यकता के अनुसार करने की संस्तुति की जाये। नोडल अधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि मृदा नमूना लेने वाले कर्मचारियो को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होने चीनी मिल नजीबाबाद के रिपेयर एवं मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। अपर गन्ना आयुक्त (समितियाँ) महोदय उ. प्र. लखनऊ के जनपद बिजनौर भ्रमण के दौरान गन्ना विकास परिषद्/शुगर मिल धामपुर क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना एवं निंदडू में गन्ने के खेतों में ड्रोन द्वारा नैनों यूरिया, जल विलेय उर्वरक, कीटनाशक एवं कवकनाशी आदि के छिड़काव कार्य की व्यवहारिकता का जायजा लेते हुये ड्रोन की कार्य क्षमता



को भी परखा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित उप गन्ना आयुक्त श्री हरपाल सिंह एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक श्री मनोज चौहान ने नोडल अधिकारी को बताया कि चीनी मिल धामपुर क्षेत्र में पाँच ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराया जा रहा है, कृषकों के माँग पर और तीन और ड्रोन अनुबंध आधार पर मंगाए गए हैं। उन्होंने ने यह भी बताया कि छिड़काव हेतु प्रयोग किए जाने वाले सभी कृषि निवेशों का उपयोग करके 700 रुपए प्रति एकड़ का व्यय आ रहा है, जिसमे से कृषकों से केवल 350 प्रति एकड़ लिया जाएगा, शेष व्यय चीनी मिल धामपुर द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि ड्रोन से एक दिन में 30-40 एकड़ में छिड़काव कर सकते हैं, और एक एकड़ खेत मात्र 15 मिनट में छिड़काव किया जा सकता है। अपर गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी ने ग्राम पीपलसाना अंतर्गत सम्पादित हो चुके गन्ना सर्वे का भी जीपीएस से पाँच प्लॉट का पुन: मिलान कराया गया, जो गस्ती में दर्ज प्रथम सर्वे के अनुरूप पाया गया। विकास कार्यों का धरातलीय अवलोकन भी किया। भ्रमण दौरान उन्होने गन्ना विकास समिति नूरपुर चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर के ग्राम हुसुपुरा मे सर्वे चेक किया. मौके पर सर्वे सही मिला इसी ग्राम मे कुछ कृषको द्वारा पेड़ी उजाड़कर पौधा गन्ना लगाया गया है जिसका भौतिक सत्यापन किया. सत्यापन स्थल पर स्थित धनवंतरी आयुर्वेद चिकित्सालय मे कृषको की एक चौपाल रखी गई थी, जिसमे लगभग 50 कृषको ने प्रतिभाग किया. चौपाल मे.. डॉ बी बी सिंह द्वारा कृषको को रेड रॉट ( गन्ने का कैंसर) रोग की बिभिषिका के बारे मे अवगत कराया। इस अवसर पर, जिला गन्ना अधिकारी,बिजनौर पी.एन.सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पाण्डेय, विश्वामित्र पाठक, राजेश कुमार सचिव सहकारी गन्ना समिति धामपुर विनोद कुमार, महाप्रबन्धक गन्ना चीनी मिल धनौरा जगतवीर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हाइवे पर तेज रफ्तार कार पलटी, दम्पति घायल



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दलपतपुर के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई दिल्ली से बरेली जाते समय दलपतपुर साईं ढाबे के पास तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई टकराने के बाद कार पलट गई कार में बैठी महिला व उसका पति दोनों घायल हो गए दोनों घायलों को पुलिस द्वारा रामपुर जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है ,कार के आगले शीशे पर पुलिस लिखा हुआ है।

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का नगर आगमन पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर प्रताप सिंह का नगर आगमन पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियो ने जोरदार स्वागत किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर के साथ वह कार्यकर्ताओं से मंडल अध्यक्ष सुनील चौहान के प्रतिष्ठान पर रूबरू हुए और पार्टी के कार्यक्रमों पर ध्यान रखते हुए कांठ मंडल और जिला मुरादाबाद के पचांयत चुनाव एवं विजन 2027 को ध्यान में रखते हुए सुनील चौहान को दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति भारतीय



जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला महामंत्री अनुज बिश्नोई और पूर्व मंडल महामंत्री जीतू वर्मा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष साजिद इदरीसी रवि कुमार जाटव सभासद मुकुल बिश्नोई प्रमोद कुमार सागर वेद प्रकाश सैनी राकेश सैनी डॉक्टर इलियास नजरुल बशर वेद प्रकाश सैनी इंद्रपाल सिंह रजनीश चौहान सूरज सिंह गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'पेड़ नहीं लगाओगे तो ऑक्सीजन कैसे पाओगे' का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर समाजसेवी प्रेम कुमार प्रेम के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता शुक्रवार को दोपहर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से मिले और उन्होंने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से मिलकर पौधे भेंट करे। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेहरे पर ऑक्सीजन मास्क लगाए हुए थे। इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि हमें अपने जीवन में हर वर्ष एक पेड़ अपनी मां के नाम ओर एक पेड़ अपने पिता के



नाम लगाना चाहिए। कहा कि यदि हम पेड़ नहीं लगाएंगे तो पर्यावरण को कैसे संतुलित कैसे करेंगे। कहा कि पेड़ से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है। इस अवसर पर कपिल राज वाल्मीकि, तिलक राज चांदना, सोनू यादव, विश्वजीत सिंह यादव, वसीम, मौलाना सलीम रजा, गुलाम हुसैन, कमरुद्दीन, रईस, रसीद, हबीब आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या मामले में तीन दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**चन्दौसी।** थाना हयातनगर क्षेत्र में वर्ष 2019 में दर्ज एक दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 08-08 हजार रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अंतर्गत सम्भल पुलिस की प्रभावी पैरवी का परिणाम है। जुलाई 2025 को माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल (न्यायालय चंदौसी) ने अभियुक्त अजय पुत्र विनोद, विशाल पुत्र विनोद तथा कमलेश देवी पत्नी विना. द निवासी ग्राम सौधन मोहम्मदपुर, थाना कैलादेवी, जनपद सम्भल को दोष सिद्ध करार देते हुए प्रत्येक को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 08 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस कार्यवाही में एडीजीसी हरिओम प्रकाश, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल सचिन कुमार एवं हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय सम्भल स्थित चन्दौसी**
**मूलवाद संख्या:**- 08/2024
**तारीख पेशी:** 30.07.2025
बद्री सिंह पुत्र मौजीराम निवासी ग्राम सिरौरा काजी डाक व तहसील गुन्नौर जिला सम्भल।...**प्रार्थी**
**बनाम**
1. पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ द्वारा प्रबन्ध निदेशक, 2. विश्न कुमार गर्ग उपखण्ड अधिकारी विद्युत उपखण्ड गवाँ जिला सम्भल, 3. दिनेश कुमार अवर अभियंता 33/11 के० वी० विद्युत उपकेन्द्र बबराला जिला सम्भल, 4. मनोज कुमार संविदाकर्मी लाइनमैन गवाँ 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र बबराला जिला सम्भल, 5. अवधेश कुमार संविदाकर्मी लाइनमैन 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र बबराला जिला सम्भल, 6. अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पावर कापोरेशन निगम लिमिटेड विद्युत वितरणखण्ड बबराला जिला सम्भल-**प्रतिवादीगण।**
आपको इत्तिला दी जाती है कि वादी बद्री सिंह ने आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध योजित किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 30.07.2025 की तिथि नियत हैं, उक्त नियत दिनांक पर दस्तावेजों सहित जिन्हें आप पेश करना चाहें अथवा अन्य किसी दस्तावेज चाहें वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ प्रस्तुत करें। अत: आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दि. 10.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )/ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थान चन्दौसी।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वाद सं०:** 31/2025
**तारीख पेशी:** 25.07.2025
**सुनील कुमार भटनागर**
**बनाम जनता आम**
सुनील कुमार भटनागर आयु लगभग 46 वर्ष पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश भटनागर निवासी मौहल्ला बरवालान कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
जनता आम शहर व जिला मुरादाबाद।
चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 07 के दिवस 25 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 07 के दिवस 10 को निकाली गयी है।
**अहलमद**
**सिविल जज ( सी०डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

## स्वास्थ्य शिविरों का एसडीएम ने किया शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से कॉवडियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आज चिकित्सा शिविरो का शुभारंभ किया गया। जिनका शुभारंभ एसडीएम संत दास पवार ने कराया बताया गया कि एक शिविर कांठ में बस स्टैंड के पास लगाया गया है और दूसरे शिविर को कैच की पुलिया पर स्थापित कराया गया। जहां पर कॉवडियों के लिए दवाइयां उपलब्ध रहेंगी और वहां पर कुछ देर रुक कर कांवरिया आराम भी कर सकेंगे। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सामाजिक सेवा संस्थान जीएनआरएफ की ओर से वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** क्षेत्र के गांव चक फाजल पुर में अम्बेडकर पार्क और कब्रिस्तानों में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए गरीब नवाज रीलीफ फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट फुरकान गजाली ने बताया

पर्यावरण प्रदूषण, वैश्विक तापवृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) और बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए, दावत-ए-इस्लामी इंडिया के सामा. जिक सेवा संस्थान गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) ने ष्पौधा लगाना है, पेड़ बनाना है। के संकल्प के साथ एक भव्य वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है, जो पूरे भारत में 7



जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों जैसे विद्यालयों, धार्मिक शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों, कब्रिस्तानों और सार्वजनिक स्थानों पर लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनाना और उनकी देखभाल करके एक हरा-भरा और सुरक्षित भारत बनाना है। पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब का कथन है: जो कोई वृक्ष लगाए, और उससे मनुष्य या जानवर लाभ उठाएं, तो वह उसके लिए सतत पुण्य (सदका-ए-जारिया) बन जाता है। यह अभियान एक ओर इस्लामिक परंपरा के अनुसरण का माध्यम है, तो दूसरी ओर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायुमंडल और छायादार वातावरण तैयार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी है। क्योंकि सिर्फ पौधा लगाना ही काफी नहीं है, उसे पेड़ बनाना और उसकी देखभाल करना भी जरूरी है।

इस मौके पर अरकान कघदरी रेहान पाशा डॉ मोहसिन अत्तारी शानू पाशा गौस, फर्जन्द अली फुरकान जमाली आदि का सहयोग रहा।

## कैन्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में तेज रफ्तार में आ रहे एक आयशर कैन्टर ने ब्रेजा कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात कैन्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा परमपुरमाफी निवासी रनवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह और मनोज कुमार पुत्र तेज सिंह, अपने रिश्तेदार महेश सिंह निवासी दौलतपुर तिगरी थाना डिलारी के घर से ब्रेजा कार से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे रात करीब 10.50 बजे रानी नांगल शिव मंदिर के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ओवरलोड आयशर कैन्टर ने गलत दिशा में आकर उनकी गाड़ी में सीधी टक्कर मार दी टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ी में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी चालक फरार हो गया। उन्हें सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बरौली रुस्तमपुर के जंगल में शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के बरौली रुस्तमपुर के जंगल में शुक्रवार की सुबह एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, काफी देर बाद मृतक की पहचान बिलारी क्षेत्र के ही भूड़ मोरेसी गांव निवासी ढोलक कलाकार के रूप में हुई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। जानक. ारी के मुताबिक भूड़ मोरेसी गांव निवासी 40 वर्षीय हरपाल जागरण में ढोलक बजाता था। साथ ही उसका साउंड का काम भी था।

परिजनों ने बताया कि वह क्षेत्र के ही बरौली रुस्तमपुर में शिव कुमार मौरय के घर आयोजित जाहरवीर बाबा के जागरण में ढोलक बजाने गया था। बताया कि शुक्रवार की सुबह जागरण संपन्न होने के बाद वह सुबह 5:00 बजे शौच के लिए जंगल में गया था। इसके बाद पुलिस द्वारा उन्हें सूचना दी गई। इस दौरान सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा भी मौके पर पहुंच गए इसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराएं। सी ओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतक शुक्रवार की सुबह जंगल में शौच के लिए गया था मौके पर वह संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला उसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं।

मृतक के दाहिने हाथ की कुछ उंगलियां काली पड़ी हुई है और जहां मृतक मिला है उसे 2 मीटर दूर ही पड़ोस के खेत में तारबंदी कराई गई है। जिसमें करंट प्रवाहित था संभवत करंट लगने से ही उसकी मौत हुई है, बाकी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल पाएगी। हरपाल की मौत से परिवार में कोहराम गया है।

## एआईएमआईएम की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन की एक बैठक 25 कांठ विधानसभा के गांव समाथल मैं आयोजित हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने कहा कि हमारा एक ही मकसद है कि हम पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच कर इसको मजबूत करने का काम करें आज जनता हमसे अपने आप जुड़ रही है बस हमें काम इतना करना है की जो पार्टी जनहित में कार्य कर रही है लोगों की आवाज उठा रही है हमें उन बातों को जनता के बीच जाकर बताना होगा। सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए पार्टी हित में कार्य करें तभी पार्टी मजबूत होगी और उसका परचम देश में लहराएगा। पार्टी (AIMIM) एक मीटिंग की जिसमें जिसमें पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया तथा पार्टी के संघठन को मजबूत करने पर बल दिया मीटिंग में शामिल रहे एहतेशाम मंसूरी अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश, हाजी सलीम सचिव उत्तर प्रदेश, मोहम्मद आमिल एडवोकेट सचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश, अरशद सैफी जिला महासचिव मुरादाबाद,तालिब मलिक युवा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद,नजारूल हसन युवा विधानसभा अध्यक्ष कांठ मौजूद रहे मीटिंग का आयोजन सूफी आआकिल सैफी ने किया था

## मारपीट कर घायल करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव फरीदनगर में पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर पांच लोगों को घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहम्मद हनीफ पुत्र अली हसन निवासी फरीदनगर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 जून को वह अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। जैसे ही ठेकेदार के घर के सामने पुलिया पर पहुंचा, वहां पहले से घात लगाए फारूक, अय्यूब, अब्दुल अजीज, गुफरान पुत्र फारूक, अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल अजीज, महबूब अब्दुल अजीज, अकबर अली पुत्र नजरूख और सैफुल्लाह पुत्र अकबर ने उसे घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए हासिए और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर प्रार्थी के भाई नईम अहमद, सलीम अहमद और इब्ले अली मौके पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में इब्ले अली का बायां हाथ टूट गया। कुल मिलाकर घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने प्रार्थी की स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में घुसकर महिलाओं से भी मारपीट की। ग्रामीणों के एकत्र होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुरादाबाद जागरूक समाज ने गुरु पूर्णिमा मनाई

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जागरूक समाज के पदाधिकारियों ने कृष्णा आश्रम स्थित प्रधान कार्यालय पर गुरूपूर्णिमा मनाई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने गुरू ब्रहमलीन परम पूज्य श्री श्री गौरी शंकर दीक्षित जी के फोटो पर तिलक कर गुलाब के फूलों का हार पहनाकर चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लेते हुए हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि हे गुरूदेव हमे इतनी शक्ति दो हम समाज में मानव योनि का भला कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे समाज सेवी सुशील वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सबको कर्तव्य कर्म की परिभाषा ध्यान में रखना चाहिए। गुरूदेव को नमन करना गुरूदेव के पवित्र चरणों का स्मरण करना नमन करना तभी सार्थक होगा स्थित भक्ति प्राप्त हो जायेगी। महाआरती के बाद प्रसाद वितरित कर सबको गुरू पूर्णिमा की बधाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष अतुल जौहरी, अमित गुप्ता, श्याम गुप्ता, शुभम गुप्ता, अभय गुप्ता, पुनीत सक्सेना, शालू मल्होत्रा, देवेश भाटिया, अंकित टंडन, सुनील गुलाठी, महेन्द्र सिंह आदि मुख्य रूप से रहे।

## भोलेनाथ के भजन बजाने पर दूसरे समुदाय के लोगों ने ई रिक्शा चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सावन माह में ई रिक्शा चालक को भगवान शिव के भजन बजाने पर मुस्लिम समुदाय के युवकों ने उसके साथ मारपीट की। जैसे ही हिंदू संगठनों को घटना की जानकारी हुई तब मामला पुलिस तक पहुंचा शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सहसपुर के मोहल्ला जाटवान निवासी अंकित उर्फ छोटू पुत्र प्रेम किशोर ई रिक्शा चलाता है अंकित ने बताया कि वह गुरुवार की शाम अपना ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाने जा रहा था आरोप लगाया कि जैसे ही वह साबिर चौक के पास पहुंचा तब कुछ युवकों ने उसके ई रिक्शा में बज रहे भगवान शिव के भजनों को बंद करने की धमकीं दी। आरोप लगाया कि जब उसने भजन बंद न करने को कहा तब एकदम से वहां पर 25 30 युवा आ गए और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी बताया कि इसके बाद वह उसे पड़कर सहसपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सलीम के यहां ले गए जहां उसे बचाया जा सका बताया कि इसके बाद हिंदू संगठनों को घटना की जानकारी हुई जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने युवकों की तलाश शुरू कर दी। वही पीड़ित अंकित की तहरीर पर सहसपुर निवासी भूरा फैसल समीर नूर हसन समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल परिसर में पानी की टंकी निर्माण रोकने की मांग

**बिलारी।** प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला के प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने स्कूल प्रांगण में बन रही पानी की टंकी निर्माण को रखवाने की मांग उठाई है। इसको लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया है। शुक्रवार को दिए गए ज्ञापन में कहा कि प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके कारण बच्चों के प्रार्थना करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होगा। छात्रों के खेल का मैदान भी उपलब्ध नहीं हो पाएगा, इसके अलावा छात्र संख्या के अनुसार कक्ष निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान नहीं हो पाएगा। वहीं एमडीएम बनाने के लिए स्थान रसोई घर के लिए स्थान पूरा नहीं हो पाएगा, इस बीच छात्रों की सुरक्षा हेतु आदि को लेकर कॉलेज परिषद में पानी की टंकी का निर्माण रुकवाने की मांग की है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी का निरीक्षण, बिना पंजीयन संचालन पर कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी ने नगर में मीट कारोबारियों व खाद्य पदार्थों दुकानों होटल स्वामियों को पढ़ाया गाईड लाईन का पाठ विना विधिक पंजीयन कार्य करने पर होगी कार्यवाही। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने ठाकुरद्वारा पहुंचकर मीट विक्रेताओं और खाद्य कारोबारियों को साफ चेतावनी दी कि शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा विधिक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि बिना पंजीयन संचालन करने वालों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार में मीट की दुकानों, होटलों और खाद्य पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी




खाद्य कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर ग्राहक संतुष्टि फीडबैक स्टीकर लगाने के निर्देश दिए। यह स्टीकर उपभोक्ताओं को अपनी प्रतिक्रिया देने का माध्यम होगा, जिससे सेवा की गुणवत्ता पर नजर रखी जा सके। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने व्यापार मंडल से भी अपील की कि सभी व्यापारी इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करें और समय पर पंजीयन कराते हुए दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल उपभोक्ता हित में है बल्कि व्यापारियों की विश्वसनीयता के लिए भी आवश्यक है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़पुरा मंझरा महेशपुर खेम विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बढ़पुरा मंझरा महेशपुर खेम विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 07.01.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 26.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवानदास के घर से बृजेश के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 38 मी0 | 104366.87 | 1000 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बढ़पुरा मंझरा महेशपुर खेम विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


## सावन माह के दौरान मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग, बजरंग दल ने कोतवाली प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सावन मास के पावन अवसर पर धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कोतवाली परिसर में पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन कहा कि सावन माह में मांस, मछली, मुर्गा और बिरयानी जैसी दुकानों को पूर्ण रूप से बंद कराया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि सावन मास में सभी हिन्दू महिला-पुरुष मंदिरों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करते हैं। साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु मंदिरों की ओर रुख करते हैं। ऐसे में मांस की खुलेआम बिक्री से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। संगठनों ने आरोप



लगाया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद क्षेत्र में कुछ दुकानदार खुलेआम मांस बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह न केवल सरकार के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि समाज में तनाव पैदा करने का कारण भी बन सकता है। ज्ञापन देने वालों में साजन शर्मा जिला विधिक प्रमुख , पंकज सिंह जिलासहमंत्री, लक्की चौहान नगरअध्यक्ष, अर्जुन सिंह नगर उपाध्यक्ष हरीश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने आरोप में 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** स्कूल में हुई गाली गलौज को लेकर घर में घुसकर गाली गलौज व विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर दिया। घायल पीड़ित की तहरीर पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा आलम निवासी राजवीर सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर देकर कहा कि उसका पोता शशांक पुत्र सतीश चंद्र रोज गांव से जसपुर पढ़ने जाता है। रास्ते में गांव का ही वतन पुत्र प्रदीप कुमार उसे अक्सर परेशान करता है और गाली-गलौच करता है। इसी को लेकर 9 जुलाई को स्कूल से लौटते समय दोनों में कहासुनी हो गई। उसी रंजिश को लेकर उसी दिन दोपहर करीब 1.30 बजे वतन अपने परिजनों प्रदीप कुमार, दीपक कुमार पुत्रगण श्रीराम सिंह, नीरज और धीरज पुत्रगण पप्पू के साथ राजवीर सिंह के घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से राजवीर की जमकर पिटाई कर घायल कर दिया। जिससे राजवीर की चीख-पुकार सुनकर जब उसकी पुत्रवधु दीपा बचाने आई तो नीरज और धीरज ने उसके साथ भी हाथापाई की और अभद्रता करते हुए कोहनी पकड़ ली। आरोप है कि सभी ने मिलकर महिला के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसमें पीड़ित का आरोप है कि हमलावर बेहद दबंग और खतरनाक किस्म के लोग हैं और भविष्य में उसके परिवार पर फिर हमला कर सकते हैं। जीसपर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में कैंटीन में घूसकर तोड़ फोड़ कर की मारपीट कर किया घायल पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी अताहुर्रहमान पुत्र हाजी अकबर अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने घर में ही कैन्टीन संचालित कर रखी है। जिसमें 6 जुलाई की सुबह प्रार्थी का भाई केंटीन पर बैठा था। तभी गांव के ही इब्ने अली पुत्र हाकम अली , हनीफ , नईम,सलीम पुत्रगण अली हसन, वसीम पुत्र महमूद हसन रंजिश की भावना से दुकान पर आये और प्रार्थी को व उसके भाई सनाउररहमान को दुकान के अन्दर घुसकर मारने पीटने लगे जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कोटला नगला विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कोटला नगला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 08.01.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 26.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैने रोड से सलीत के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 43 मी0 | 192145.37 | 1000 | 2% | 9 माह |
| 2 | अकरम के घर से जमील के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 110 मी0 | 353777.98 | 1000 | 2% | 9 माह |
| 3 | इसरार के घर से अकबर के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 70 मी0 | 271125.82 | 1000 | 2% | 9 माह |
| 4 | रिफाकत के घर से गब्बर के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 45 मी0 | 192145.37 | 1000 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कोटला नगला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा।** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गझेड़ा आलम निवासी हसनेन पुत्र बल्लू शाह क्षेत्र के ही प्रतापपुर में हेयर सैलून चलता है।गुरुवार की देर रात सैलून बंद कर घर जा रहा था। तभी जैसे ही इस्लामपुर गांव के निकट पहुँच तो तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।जिसमे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में देख राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से नगर के सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने घायल हसनेन की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

## छात्रों के साथ मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** परीक्षा देने जा रहे दो युवकों पर डंडों और बेल्ट से हमला करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र ग्राम सबलपुर दुल्हापुर निवासी प्रदीप कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने तहेरे भाई अभिषेक कुमार पुत्र राजपाल सिंह के साथ श्री रामगोपाल सिंह महाविद्यालय सुल्तानपुर दोस्त में बीए फाइनल की परीक्षा दे रहा है। 1 जुलाई को दोपहर करीब 2.30 बजे दोनों भूगोल का पेपर देने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी रास्ते में तीन युवकों दृ आशुतोष पुत्र सुरेंद्र निवासी सबलपुर, राघव पुत्र जगजीव निवासी सबलपुर (दुल्हापुर), अतुल कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम आनंदीपुर, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर ने मोटरसाइकिल से आकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद तीनों ने डंडों और बेल्ट से दोनों को पीटना शुरू कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में प्रदीप और अभिषेक दोनों को चोटें आईं। इसके बाद दोनों ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। वही कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चेतन स्वरूप द्वारा संस्था श्री केडे वाले बाबा सिद्धपीठ मन्दिर प्रबन्ध समिति, ग्राम मोहडा पोस्ट केदारपुर तहसील धामपुर, जिला बिजनौर का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. रवि कुमार शर्मा - अध्यक्ष, 2. मुकेश कुमार गुप्ता-उपाध्यक्ष, 3. चेतन स्परूप शर्मा-प्रबन्धक, 4. अजयपाल सिंह- उपप्रबन्धक, 5. जितेन्द्र कुमार शर्मा- कोषाध्यक्ष, 6. कृष्णपाल सिंह, 7. ऋषिपाल सिंह-सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। **आज्ञा से**

**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक**


## डॉ. प्रवेश शर्मा को आईएफटीएम से पीएचडी की उपाधि

### ‘श्रीरामचरितमानस में नैतिक शिक्षा’ विषय पर किया समीक्षात्मक शोध

**चन्दौसी।** नगर के ब्रह्म बाजार निवासी डॉ. प्रवेश शर्मा पत्नी मनीष कुमार शर्मा ने आईएफटीएम यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर शैक्षिक जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डॉ. प्रवेश शर्मा का शोध विषय "श्रीरामचरितमानस में नैतिक शिक्षा: एक समीक्षात्मक अध्ययन" (हिन्दी) रहा जिसे उन्होंने डॉ. मोहित मिश्रा के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने बताया कि श्रीरामचरितमानस में लोकमंगल की भावना निहित है,



जो हर युग, देश और वातावरण में नैतिकता की शिक्षा प्रदान करती है। इस ग्रंथ के अध्ययन-अध्यापन से व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोता और आत्मबल के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करता है। डॉ. शर्मा ने बताया कि वर्तमान में वह वर्ष 2017 से रोटरी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, चंदौसी के बी.एड. विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनकी इस शैक्षिक उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और सहकर्मियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पुलिस ने सेल्फी प्वॉइंट बनाकर बांटे पंफ्लेट

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेल्फी प्वाइंट बनाकर यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया। वही राहगीरों को पंपलेट वितरित किए गए।

नगर में कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नगर में उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित द्वारा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव व यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को आकर्षित किया और राहगीरों व वाहन चालकों को पंपलेट वितरित कर उन्हें सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें इस दौरान कॉस्टेबल योगेश कुमार, निशांत कुमार, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र संजीव कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में संजीव कुमार के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। राजपाल सिंह पुत्र दौलतराम निवासी ग्राम व पोस्ट मंगूपुरा तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।



## कार्यालय ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी चौहान विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. दूल्हापुर पट्टी चौहान /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 दि.: 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी चौहान वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अर्न्तगत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 12.07.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 12.07.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 19.07.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी चौहान विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**लंदन, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फ्ट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फ्ट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा। दूसरे सेट के अंतिम चरण में स्पेनिश खिलाड़ी थोड़ी देर के लिए बराबरी पर आ गए, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने प्रभावशाली वापसी की और अपनी बेसलाइन पावर और निरंतरता से पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया।

### कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की।

# राहुल-नायर ने भारतीय पारी संभाली

● फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके दोनों बल्लेबाज, 13 रन पर जायसवाल का विकेट गिरा था, इंग्लैंड के 387 रनों पर 10 विकेट

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड को लार्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर यशस्वी जायसवाल (13 रन) का विकेट गंवा दिया है।

4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी को स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। आखिरी सेशन में भारतीय टीम का स्कोर 65/1 है। केएल राहुल और करुण नायर नाबाद हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लार्ड्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन बनाए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह ने पारी में 5 विकेट झटके। उन्होंने इस सीरीज में दूसरी और करियर में 15वीं बार पारी में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने जोफा आर्चर, क्रिस वोक्स, जो रूट बेन स्टोक्स और हैरी ब्रुक को आउट किया। 18वें ओवर में केएल राहुल और करुण नायर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स की तीसरी बाल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। करुण नायर तीसरे सेशन के पहले ओवर में डीआरै लेकर आउट होने से बच गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने दूसरी बाल लेग स्टंप पर रखी थी, जो उछाल लेते हुए विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई। इंग्लिश प्लेयर्स की अपील पर फील्ड अंपायर ने उंगली भी उठा दी। ऐसे में नायर ने डीआर लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल ने बल्ले का किनारा नहीं लिया था। लाड्र्स टेस्ट का दूसरा सेशन भी मिला. जुला रहा है। 21.3 ओवर के इस सेशन में 78 रन बने और 4 विकेट गिरे। इनमें से एक विकेट भारत ने 44 रन बनाने में गंवा दिया। जबकि इंग्लैंड ने आखिरी 3 विकेट गंवाने में 34 रन बना डाले। इंग्लिश टीम पहली पारी में 387 रन पर आलआउट हुई। 8वें ओवर में करुण नायर ने जोफ्रा आर्चर की बाल पर लगातार को चौके लगाए। उन्होंने ओवर की चौथी बाल पर सामने की ओर चौका लगाया। 5वीं बाल पर अनियंत्रि शाट खेलकर शार्ट फाइन लेग पर आउट होने से बचे। यह बाल भी बाउंड्री से बाहर चली गई। आर्चर के इस ओवर से 10 रन आए। भारतीय टीम ने दूसरे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया है। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को दूसरे स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। भारतीय पारी का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स ने 13 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में ओपनर जायसवाल ने 3 चौके लगाए।




# कर्टिस ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

● कर्टिस कैम्फर को अपने दूसरे और तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल हुए

**डबलिन, वार्ता।** आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद लस्वग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2-3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीजें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गें. दबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए। कैम्फर अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में शामिल हैं यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं।

# माही को युगल पार्टनर चुनूंगा विंबलडन 2025 में सूर्यकुमार

● मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं, मैंने उनके करियर पर नजर रख रखी है

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा कि मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं।

मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है।

वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा कि मैं निश्चित रूप से नोवाक जोक. ोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है। सूर्या ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में कहा कि अगर हम खास तौर पर विंबलडन की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से पीट सम्प्रास और रोजर फेडरर। मुझे याद है कि जब भी इनमें से कोई यहां आता था, तो दर्शक कैसे पागल हो जाते थे। लेकिन मेरे सर्वकालिक पसंदीदा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच हैं। और वर्तमान में, मैं कार्लोस अल्काराज का नाम लूंगा, वह कोर्ट पर धमाल मचा रहे हैं।

# गेंदबाजी में सुधार का श्रेय कमिंस-मॉर्कल को: रेड्डी

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने कहा कि उनकी गेंदबा. जी में सुधार का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल को जाता है।

पहले दिन के खेल के बाद रेड्डी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था और इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबा. जी में बहुत सुधार दिखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मुझे दोनों ओर लस्वग प्राप्त होती है इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं केवल उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं जहां जरूरत है और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं मेहनत कर रहा हूं लेकिन अंत में चीजों को समझना और स्वयं पर भरोसा रखना सबसे अहम है। जब आप स्वयं पर भरोसा करते हैं तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है और मुझे अब यह बात समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के आखिर में मैंने गेंदबाजी करना

### लारा ने कहा कि मुझे उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था : मुल्डर

**बुलावायो, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से कहा कि अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने यह उम्मीद जताई कि मैं दोबारा उस स्थिति में आऊं कि रिकॉर्ड तोड़ पाऊं।

# भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाक

● भारत में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट को लेकर पाक चौकस

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है।

पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पाक नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा।

### नए पाक कोच माइक हेसन ने बाबर आजम व शाहीन अफरीदी की वापसी की राह बताई

● दोनों खिलाड़ी इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के नए सीमित ओवरों के कोच माइक हेसन ने उन कदमों का खुलासा किया है जो अनुभवी जोड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उठाने होंगे।

बाबर और शाहीन ने 2021 और 2022 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के नॉकआउट चरणों में पाक को लगातार जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन हाल ही में वे टी-20 विश्व कप में टीम से बाहर हो गए हैं और पिछले महीने की शुरुआत में घरेलू धरती पर बांग्लादेश को 3-0 से हराने वाली हेसन की पहली टीम में भी नहीं थे।

हेसन ने सुझाव दिया कि बाबर और शाहीन दोनों ही अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनकी दीर्घकालिक योजनाओं में शामिल हैं और दोनों इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।

ये साथी खिलाड़ी इस महीने के अंत में मीरपुर में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेश जाएंगे। हेसन ने स्पष्ट किया कि बाबर की टीम में वापसी विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद बनकर नहीं हुई, बल्कि पूर्व कप्तान अपने साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फखर व सैम अयूब के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो में से एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

# पंत लॉड्र्स टेस्ट के दूसरे दिन भी रहेंगे बाहर



● जुरेल कर रहे हैं कीपिंग, लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में पंत को लगी थी चोट जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे

**लंदन, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत, जिन्हें लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में चोट लगी थी और उसके बाद मैदान से बाहर चले गए थे, दूसरे दिन भी वह अब मैदान पर नहीं लौटेंगे और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ही विकेटकीपिंग करेंगे। बीसीसीआई ने पंत की चोट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है कि उनकी चोट पर मेडिकल टीम नजर बनाए हुए है और दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं आएंगे। उस पोस्ट में ये भी लिखा है कि जुरेल ही दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा था। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। अगर पंत बल्लेबाजी कर पाने में सक्षम रहते हैं तो वही करेंगे नहीं तो फिर भारत को एक कम बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ेगा। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीरीज के पहले टेस्ट में भी दो

# येरे अल्वारेज ने स्वीकारा उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था

● सकारात्मक नतीजा इस उपचार के कारण था जिसका उपयोग कीमोथैरिपी के बाद बाल झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे

**मैड्रिड, वार्ता।** यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है।

स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी बीमारी पर काबू पाने के बाद, मैं कई वर्षों से एलोपेसिया का इलाज करा रहा हूं और मेरे मामले का अध्ययन करने के बाद हमने पाया है कि सकारात्मक परिणाम इसलिए आया क्योंकि मैंने बालों के झड़ने के इलाज के दौरान अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ ले लिया था। येरे ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यह खबर पाकर मुझे गहरा सदमा लगा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था, क्योंकि मैंने जिंदगी में कभी भी प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन नहीं किया है।

# यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है: 100वें टेस्ट पर स्टार्क

स्टार्क फ्रंट लाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलिब्ध तक पहुंचने वाले 12 खिलाड़ी बनेंगे



**किंग्स्टन, वार्ता।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे।

अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा कि जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली। तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा कि मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है। स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गें. दबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा कि ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुक. ाबले में बांग्लादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

# एएसपी ने किया रतनपुर में निर्माणाधीन पुलिस चौकी का निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता और निर्माण प्रगति का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** जनसंख्या घनत्व के अनुसार संभल जनपद में थाना क्षेत्रों में पुलिस चौकियों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके। हालांकि पिछले 06 माह से पुलिस चौकियों का निर्माण बड़े ही तेजी से किया जा रहा। थाना कुढ़फतहेगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन रतनपुर पुलिस चौकी का शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों एवं समयबद्धता की विस्तार से समीक्षा की। एएसपी ने चौकी प्रभारी करवेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तेज गति से एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द ही बेहतर पुलिसिंग सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चौकी निर्माण का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर युवा व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल चन्दौसी द्वारा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सिम्स कॉलेज से लेकर बदायूं रोड तक आउटर मार्ग पर वर्षों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की मांग की गई। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व विधायक निधि से करीब 05 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं, जिन्हें बाद में नगरपालिका को हस्तांतरित कर दिया गया लेकिन वर्तमान में अधिकांश खंभों से लाइटें गायब हैं, कई खंभे टूट चुके हैं और पूरे मार्ग पर अंधेरा पसरा रहता है।

ज्ञापन सौंपते समय शुभम अग्रवाल, ब्रजेश वार्ष्णेय, तरुण नीरज, अमन कोरी, शाहआलम मंस.ूरी, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के संकेत

■ एसडीएम आशुतोष तिवारी बोले: मानक के अनुसार कॉलोनी बनाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को लेकर प्रशासन एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पहले से चिन्हित अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की शुरुआत की गई थी, जिसमें बहजोई-चंदौसी रोड टी-प्वाइंट पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया था। यह प्लाटिंग धारा 80 व ले-आउट स्वीकृति के बिना की गई थी, साथ ही कुछ लोगों ने सरकारी गूलों को भी प्लाटिंग में शामिल कर लिया था। वर्तमान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने इस संबंध में स्पष्ट किया कि प्रशासन की मंशा ईमानदार प्रॉपर्टी डीलरों या आम लोगों को परेशान करने की नहीं है।

लेकिन जो जानबूझकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा, "जो लोग नियमों के अनुसार कॉलोनी विकसित कर रहे हैं, उनके साथ कोई समस्या नहीं है लेकिन जो लोग बिना धारा 80 और ले-आउट पास कराए सरकारी भूमि पर निर्माण कर रहे हैं, उन्हें चेतावनी दी जाती है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने बताया कि आईटीआई के सामने लोहे की दुकानें बनवाकर लोगों को रोजगार देने की योजना भी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है। सीता रोड, संभल गेट और बहजोई क्षेत्रों में भी उन्होंने स्वयं निरीक्षण कर अवैध कब्जों को हटाने के मौखिक निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा, लेकिन नगरपालिका क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र द सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है और ईमानदार कॉलोनाइजर अब स्पष्ट दिशा-निर्देशों की प्रतीक्षा में हैं ताकि उन्हें विकास कार्यों में कोई बाधा न हो।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बिजली के खम्बों को किया पॉलीथीन से कवर्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भोले बाबा के भक्तों की सुरक्षा, व्यवस्था और बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। कांवड़ मार्ग पर रूट डायवर्जन के साथ ही सभी विभागों ने अपनी-अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बिजली विभाग ने भी कांवड़ मार्ग दिल्ली रोड, कांठ- हरिद्वार रोड, रामपुर रोड समेत शहर की घनी आबादी के मंदिरों के मार्ग के बिजली के खंभों पर प्लास्टिक से कवर कर दिया गया है। इसके साथ ही बिजली उपकेंद्र वार स्टाफ को भी अलर्ट कर दिया गया है। उपकेंद्रों का स्टाफ भी अपने क्षेत्रों में निगरानी रखेगा। कहीं भी फाल्ट होने की स्थिति में टीम उस क्षेत्र में समस्या को दूर करेगी, छेत्र के सभी शिव मंदिरों में भोले बाबा के भक्त हर सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। बारिश के मौसम में बिजली के खंभों पर करंट का खतरा बना रहता है। इसको लेकर सभी खंभों पर प्लास्टिक लगाई गई है। इससे करंट का खतरा नहीं रहेगा। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि बारिश में बिजली के खंभों से दूरी बनाकर रखें। घनी आबादी वाले शिव मंदिरों के खंभों पर भी प्लास्टिक लगाई गई है। बारिश या अन्य किसी कारण से फाल्ट होता है तो टीम उसे उसी समय ठीक करेगी।

# प्रभारी निरीक्षक ने मंदिरों पर जाकर महंतों से की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सावन माह के चलते शिव मंदिरों पर जाकर महंतो से मुलाकात की और उनसे जलाभिषेक के बारे में जानकारी ली बतादें कि 11 जुलाई से सावन माह शुरू होते ही कावड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और पूरे महीने क्षेत्र के शिवालयों में भगवान शंकर का जलाभिषेक होना है इसके मद्दे नजर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र के मंदिरों की ओर निकले और मंदिरों के महंतो से जाकर भेंट की उनसे आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी ली और भगवान शंकर के जलाभिषेक का कार्य सुरक्षा पूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए थाने पर फोन कर सकते हैं। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष महावीर सिंह भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने निकले बाइक सवार कांवड़िए



**कांठ।** कावड़ यात्रा शुरू होते ही आज बाइक सवार कॉवडियों का जत्था गंगाजल लेने के लिए कांठ से गुजरा हर हर महादेव का जयकारा लगाकर जय घोष करते हुए कॉवडीये नगर से गुजरे तो माहौल शिवमय हो गया बताया गया कि आज जाने वाले कांवडीए सोमवार को अपने-अपने गंतव्य पर पहुंचकर भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे पुलिस भी कॉवडीयों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह तैनात दिखाई दी

### नॉनवेज रेस्टोरेंट पर लटके ताले, बोर्ड को भी पॉलीथीन से ढका




**कांठ।** कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर स्थापित नॉनवेज रेस्टोरेंट को सरकार के आदेश से एक माह के लिए बंद कर दिया गया रेस्टोरेंट के मालिको ने ताले तो लगाए ही साथ ही दुकान पर लगे बोर्ड को या तो पॉलिथीन से ढक दिया या फिर उन्हें उतार कर अंदर रख दिया। कांठ में मुख्य मार्ग के किनारे लगभग दर्जन भर रेस्टोरेंट इस कार्रवाई की जद में आ गए जिन्होंने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर ताले लगा दिए हालांकि इससे मांसाहार करने वाले लोगों को काफी झटका लगा लेकिन रेस्टोरेंट संचालकों का कहना था कि वह सरकार के आदेश का पूरी तरह से पालन करेंगे।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन



**मुरादाबाद।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सभी शिष्यों भक्त जनों ने अपने गुरु जन का ध्यान नमन करके महा प्रसाद एवं आरती का आयोजन किया महा प्रसादम के द्वारा सभी भक्तों का गुरु जन का आशीर्वाद प्राप्त हुआ भंडारा वितरण में आम चाय बेसन लाडू कड़ी चावल सूजी हलवा आलू पूरी का प्रसाद सभी ने सुरुचि ग्रहण किया।

इस अवसर पर गुरु की संगत से नेहा प्रीति अंशु ऋतु अपूर्वा रूपम दिशा प्रियंका अवस्थी एवं उनके स्टाफ ने सेवा प्रदान की।

### बिजली का बकाया बिल जमा न करने वालों की सार्वजनिक स्थानों पर पिटेगी डुगडुगी

**कांठ।** बिजली बिलों के बढ़ते बकाये से बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ी है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन के निर्देश पर देहात क्षेत्र के तीनों विद्युत वितरण खंडों में में बकाया वसूली के लिए गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा।

इसमें अब बकायेदारों के नामों की सार्वजनिक मुनादी कराकर बकाएदारों की सूची पंचायत भवनों, पीएचसी और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा होगी।मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल ने बताया कि नगरीय की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के तीनों वितरण खंडों पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। जिसकी वसूली के लिए अब गांव में बकायेदारों के नाम की डुगडुगी बजाकर मुनादी कराई जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, उनके नाम घोषित किए जाएंगे। इस मुनादी के माध्यम से गांव वासियों को जानकारी दी जाएगी कि किस उपभोक्ता पर कितनी राशि बकाया है। मुख्य अभियंता ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह जल्द से जल्द अपना बिजली बिल जमा करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी ने मनाया 63वां स्थापना दिवस व गुरु पूर्णिमा पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में गुरुवार परिषद का 63वां स्थापना दिवस एवं गुरु पूर्णिमा का पर्व केएसजे हाई स्कूल (आवासीय दिव्यांग विद्यालय) रतनपुर खुर्द में दिव्यांग बच्चों और उनके गुरुओं के साथ बड़े स्नेहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम् गीत से हुई। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को आम, बिस्कुट, चॉकलेट और मिठाई वितरित की गई, साथ ही बच्चों के माध्यम से बेलपत्र, जामुन, आम, अमरूद आदि के पौधों का रोपण कराया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी बल मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह यादव समेत समस्त शिक्षकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेत्रहीन बच्चों ने वाद्य यंत्रों के साथ सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जबकि मूकबधिर बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मूक अभिनय कर सबका मन मोह लिया। मुख्य वक्ता व शाखा सचिव विपिन कुमार ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका जीवन दृष्टिकोण हमें कुछ अलग सोचने को प्रेरित करता है। शाखा के सभी सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान के मधुर सुरों के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, श्वेता गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, डी.सी. गुप्ता, जितेंद्र सिंह, नारायण दास, नन्हू लाल, शिव. राम पटेल आदि मौजूद रहे।

# 12 दिन बाद भी स्थानांतरित शिक्षकों की नहीं हुई ज्वाइनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किए गए हालिया स्थानांतरण के तहत कई शिक्षकों का स्थानांतरण तो हो गया, लेकिन स्थानांतरण के 12 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस कारण जहां स्थानांतरित शिक्षक मानसिक तनाव और असमंजस की स्थिति में हैं, वहीं उनके बिना विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानांतरित शिक्षकों का कहना है कि उन्हें न तो स्पष्ट आदेश मिले हैं और न ही कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया में तेजी आ रही है। नया विद्यालय बार-बार आदेश प्रतीक्षारत कहकर लौटा देता है। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय कार्यालय के चक्कर लगाते-लगाते अब तो आर्थिक व मानसिक रूप से भी थक चुके हैं।

बता दें कि शासन ने ऐसे स्कूलों की सूची मांगी थी जहां छात्रों की संख्या कम थी। मात्र 12 या 43 बच्चों पर विद्यालय नहीं चलाया जा सकता क्योंकि एक शिक्षक पर 65 से 70 हजार रु. प्रतिमाह खर्चा आता है। वहीं इन स्कूलों में शिक्षामित्र भी तैनात है। भले ही वह अल्प वेतन भोगी होने के कारण विद्यालय से नदारद रहता हो पर कई विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र अनुपात में काफी अंतर था। उसी अनुपात पर प्रत्येक जिले से बेसिक शिक्षा विभाग से सूची मांगी गयी। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा स्कूलों की सूची बनाकर जिला मुख्यालय पर जमा कर दी। शासन ने तुरंत स्थानांतरित शिक्षकों की सूची 30 जून को जारी कर दी। हालांकि कुछ शिक्षकों अपने विद्यालय से रिलीव भी हो गये व खंड शिक्षा अधिकारी ने भी आदेश दे दिया पर 12 दिन व्यतीत हो जाने के बाद स्थानांतरित शिक्षक बहजोई मुख्यालय पर ही हाजिरी दे रहे हैं जबकि शासन ने सभी बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये जारी सूची के अनुसार रिलीव व विद्यालय ज्वाइन आदेश करने आदेश दिया था परंतु आदेश के बाद भी जहां शिक्षकों को ज्वाइनिंग नहीं मिली है। वहीं उन्हें बहजोई बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हस्ताक्षर कराकर वापिस कर दिया जाता है। फिलहाल विद्यालय ज्वाइन करने का आदेश न मिलने से शिक्षक परेशान हैं।

## संविधान विरोधी है विद्यालयों का विलय: अंबेडकर सेवा दल

**चन्दौसी।** अंबेडकर सेवा दल की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंटी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 5000 विद्यालयों को बंद कर मर्ज (विलय) किए जाने के निर्णय की तीव्र निंदा की गई। संगठन ने इस निर्णय को अमानवीय, अन्यायपूर्ण एवं संविधान विरोधी बताया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार 'बंटी' ने कहा कि सम्भल जिले में 70 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्ज किया जाना सामा.जिक एवं शैक्षिक हित में नहीं है। इस दौरान सूर्यजीत सिंह, रामरूपी सिंह बौद्ध, अरविन्द अंबेडकर, नरेंद्र कुमार, पुष्पा बौद्ध, द्वारिका प्रसाद, नंद वाल्मिकि, शिवनंदन वाल्मिकि, आनंद वाल्मिकि, हेमराज सिंह, सतीश भारती, नौरंगी लाल, आदित्य, सिद्धांत प्रिया आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण के लिए कासमपुर की ग्राम प्रधान मेहरुन निशा होंगी लालकिले पर सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल शक्ति संरक्षण योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान में मुरादाबाद जनपद की पांच ग्राम पंचायतों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए किया गया है। इन पंचायतों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए इनके प्रधानों को 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर सम्मानित किया जाएगा।डीसी मनरेगा के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण करना, जल स्रोतों को पुनर्भरण (रिचार्ज) करना तथा जल निकायों के पुनरुद्धार के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान वर्ष 2022 से 2024 तक देशभर में चलाया गया। जिसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी रही। योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जिले से पांच ग्राम पंचायत का चयन किया है। छजलैट ब्लाक से कासमपुर की ग्राम प्रधान महरूल निशा का चयन किया गया है। उन्हें जल शक्ति मंत्रालय द्वारा योजना के मानक अनुसार क्रियान्वन किए जाने पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर दिल्ली के लाल किले पर सम्मानित किया जाएगा। जिन ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है, उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण को सामूहिक प्रयास किए गए हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम मिल रहा है।

# सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में बैठक का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एसपी गुप्ता सभा भवन के द्वितीय तल पर अधिवक्ता साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विवेक कुमार निर्मल एडवोकेट ने की।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद तंजीम शास्त्री एडवोकेट ने किया द्य कार्यक्रम में बोलते हुए अधिवक्ताओं बार के चुनाव के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके संदर्भ में प्रत्याशियों को एक सुझाव पत्र अधिवक्ता साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के माध्यम से देने के लिए तैयार करने पर सहमति बनाई गई द्य कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे विवेक कुमार निर्मल ने कहा कि यह हम सभी के लिए बड़ा दुख का विषय है कि जब अधिवक्ता की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को जो राहत राशि है।

उसे मिलाने की जो प्रक्रिया है वह काफी जटिल है उसे प्रक्रिया को सरल बनाना और उसकी राशि को दोगुना करना वर्तमान की मांग है जिसको लेकर उन्होंने इस मीटिंग में अपने विचार रखें द्य इस अवसर पर मीटिंग में जीशान हक एडवोकेट, अजय पाल एडवोकेट, राम अवतार शर्मा एडवोकेट, मोनीस अली एडवोकेट आवरण अग्रवाल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वीनस शुगर मिल के परिसर में रोपे गए 7000 से अधिक पौधे

■ मिल परिसर में तीन दिवसीय पौधारोपण महाभियान चलाया गया

**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौधारोपण महाभियान-2025 के क्रम में वीनस शुगर मिल के परिसर में बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाकर 7000 हजार से अधिक फलदार एवं प्रकृति मित्र पौधों का रोपण किया गया जिसमें शीशम, सागौन, नीम, अर्जुन, पीपल, आम, जामुन, अमरूद आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वीनस ग्रुप के एवीपी आर. के. सिंह एवं सीएफओ सचिन गुप्ता ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। आर.के. सिंह ने बताया कि पौधे वायु में मौजूद प्रदूषकों को अवशोशित कर शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। पौधे जल चक्र को संतुलित करने में विशेष सहायता करते हैं। सचिन गुप्ता ने कहा कि पौधे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए लाभदायक होते हैं। बात अगर स्वास्थ्य की हो तो हरियाली के बीच में बैठना मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है एवं मान.सिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। इस अवसर पर एम.पी. वर्मा, शाहिद खान, हरजीत सिंह, बी.पी. यादव, सुधाकर ओझा, एस.के. वर्मा, विनोद यादव, संजीव चौधरी, पवन कुमार, दिवाकर सिंह, लक्की, देव वार्ष्णेय, महेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनके कार्यों की दी गई जानकारी

## पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर डाला गया प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनके कर्तव्यों व दायित्वों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने आंगनवाड़ी सेवाओं की उपयोगिता, लक्ष्य और कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकत्रियों को बताया गया कि शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों का पोषण, प्राथमिक शिक्षा, टीकाकरण, मातृ-स्वास्थ्य एवं किशोरी सशक्तिकरण उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि कुपोषण की समस्या से निपटने में आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने कार्यकत्रियों को आंगनवाड़ी पोर्टल, गृह भ्रमण, बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के रजिस्ट्रेशन, पोषण ट्रैकर, और समय-समय पर किए जाने वाले सर्वेक्षणों की कार्यप्रणाली के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में समय पर रिपोर्टिंग, रिकॉर्ड संधारण, समुदाय के साथ समन्वय, साफ-सफाई और बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यकत्रियों की भूमिका केवल एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि एक सामा.जिक प्रहरी की होती है। अंत में प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं और सभी ने नए दृष्टिकोण से कार्य करने का संकल्प लिया।



# सम्पादकीय

शनिवार, 12 जुलाई 2025

## भागवत की टिप्पणी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उम्र को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे देश में एक नई बहस छिड़ गई। राम जन्म भूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मोहन भागवत ने कह डाला कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उनका कहना था कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाने लगे, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आखिर मोहन भागवत का इशारा किस तरफ है। जैसाकि होता है विरोधी दलों ने तुरंत मोहन भागवत के बयान को प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ दिया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही उन्हें याद दिला दिया गया कि 17 सितम्बर 2025 को वह 75 साल के होने जा रहे हैं। हालांकि मोहन भागवत भी 11 सितम्बर 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी दस जुलाई को पांच देशों की यात्रा से लौटे हैं और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शायद इसी आधार पर उनकी घर वापसी बताया। यूं तो भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने कई अवसरों पर पार्टी लाइन से हटकर कुछ नियम बनाए हैं विशेषकर 2014 के बाद। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी हमने देखा था कि किस तरह भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा उम्र के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू हुआ था। जिन नेताओं ने 75 साल पूरे कर लिए थे, उनमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेता थे। उस समय एक मार्गदर्शक मंडल भी बनाया गया था। ताकि उस मंडल के माध्यम से उनके अनुभवों का लाभ पार्टी उठा सके। इतना ही नहीं पहली बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में 75 साल से कम उम्र के नेताओं को जगह दी थी। अब सवाल यह है कि क्या यह नियम आगे भी जारी रहता है या केवल वहीं तक था। अगर यह नियम जारी रहता है, तो 17 सितम्बर 2025 को पीएम मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं। जाहिर है, अगले लोकसभा में वह प्रधानमंत्री के दावेदार नहीं हो सकते। हालांकि यह केवल कयास ही हैं, क्योंकि जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह पार्टी का कोई आधिकारिक नियम नहीं है या पार्टी हितों को ध्यान में रखकर अलग से कुछ स्थानों के लिए सीमाएं लागू की गई हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्षों में यह नियम कड़ाई से लागू किया गया और भाजपा के कई कद्दावर नेता संविधानिक पदों की जिम्मेदारी से बाहर हो गए। 2016 में गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदी पटेल ने भी इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनकी आयु 75 की हो गई थी। इसी वर्ष नज्मा हयातुल्ला ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था और लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के टिकटों के कटने की लंबी लाइन है, जिन्हें 75 वर्ष की आयु के चलते टिकट नहीं मिला। वैसे यह पार्टी का अपना मामला है कि उसका अगला पीएम कौन होगा।

### बेहद ही सफल रहा ऑपरेशन सिंदूर



कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है, भारत का ऑपरेशन सिंदूर बेहद ही सफल रहा, हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था, इसमें से एक भी नहीं चूका, विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया, आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं, विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला, मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा, हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**–अजित डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार**

# चंद्रचूड़ बंगला विवादः सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी!





**श्रवण गर्ग**

इस खुलासे से कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से सरकारी आवास खाली कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पत्र लिखा क्या देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की जनता में प्रतिष्ठा कम नहीं हुई होगी या फिर क्या ऐसा हुआ होगा कि चंद्रचूड़ और उनके परिवार के प्रति जनता की सहानुभूति बढ़ गई और चर्चा या आलोचना सुप्रीम कोर्ट प्रशासन द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदम और सरकार की भूमिका पर केंद्रित हो गई?

देश भर के अखबारों/टीवी चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित/प्रसारित किया था कि सेवानिवृत्ति के आठ महीने बाद भी चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के आवास पूल में मुख्य न्यायाधीश के लिए निर्धारित बंगला खाली नहीं किया। न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल छह माह तक ही सरकारी आवास के उपयोग की पात्रता है। सुप्रीम कोर्ट को चार वर्तमान न्यायाधीशों के लिए आवासों की आवश्यकता है।

चंद्रचूड़ साहब ने अपने स्पष्टीकरण में जिन बातों का खुलासा किया उनमें प्रमुख यह था कि उनकी बेटियां गंभीर जेनेटिक और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रही हैं। उनके इलाज के लिए आवास में एक विशेष प्रकार के चिकित्सीय सेट-अप की जरूरत पड़ती है। उन्होंने सरकार से किराए पर वैकल्पिक आवास उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

चंद्रचूड़ साहब ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से दिसम्बर 2024 में निवेदन किया था कि वर्तमान आवास में 30 अप्रैल तक रहने की अनुमति प्रदान की जाए। अनुमति दे दी गई थी। उन्होंने न्यायमूर्ति खन्ना से 28 अप्रैल को पुनः आवेदन किया कि चूंकि वैकल्पिकआवास प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है अतः अनुमति की अवधि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया जाए। इस आवेदन का उन्हें कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। खबरों के मुताबिक चंद्रचूड़ साहब ने वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के संज्ञान में भी यह बात ला दी थी कि सरकार ने वैकल्पिक आवास आवंटित कर दिया है और आवश्यक मरम्मत के बाद ठेकेदार ने उसे 30 जून तक सौंपने का वायदा किया है।

वर्तमान आवास में ही निवास जारी रखने की अवधि आगे बढ़ाने संबंधी चंद्रचूड़ साहब के आवेदनों के पीछे मुख्य कारण यही समझा जा सकता है कि सरकार ने बंगला तो आवंटित कर दिया पर आठ महीनों में भी उसकी मरम्मत करवा कर उनके शिफ्ट होने लायक नहीं बनवाया जा सका। चंद्रचूड़ साहब ने यह भी बताना चाहा कि चूंकि आवंटित किया गया बंगला दो वर्षों से खाली पड़ा था उसमें काफी मरम्मत की जरूरत थी। सामान अब पैक्ड है और ठेकेदार का ओके मिलते ही शिफ्ट कर देंगे।

चंद्रचूड़ साहब के इस कथन के बाद कि जिस आवंटित बंगले में मरम्मत चल रही है वह दो साल से खाली पड़ा था नागरिक-जिज्ञासा इस सवाल पर टिक जाती है कि एक ऐसे समय जब विशिष्ठ और अति-विशिष्ठ व्यक्तियों के लिए आवासों की किल्लत चल रही हो पिछले साल इन्हीं महीनों में कोई दो सौ पूर्व सांसदों को बंगले खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे दिल्ली के पॉश लुटियंस झोनमें कोई बंगला दो साल तक खाली कैसे पड़ा रह सकता है?

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू ने पिछले साल अक्टूबर में आरोप लगाया था कि चंद्रचूड़ साहब के पास न सिर्फ वह बंगला (5, कृष्ण मेनन मार्ग) है जिसका वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में इस्तेमाल करते हैं कथित तौर पर उन्होंने तुगलक रोड स्थित उस बंगले का आधिपत्य सरकार को वापस नहीं सौंपा है जिसमें वे न्यायाधीश के रूप में दो वर्षों तक रहते रहे हैं। काटजू साहब ने अपने मेल को तब (संभवतः) न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति गवई सहित न्यायपालिका के अन्य व्यक्तियों के साथ भी शेयर किया था।

काटजू साहब ने अपने मेल के अंत में यह भी लिखा था कि उन्हें प्राप्त जानकारी अगर गलत है तो मुख्य न्यायाधीश या उनकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर वक्तव्य जारी करके खंडन कर सकता है। काटजू साहब की उक्त चुनौती के बाद सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री या किसी अन्य के द्वारा कोई खंडन व्यक्तिशः उन्हें अथवा मीडिया को भेजा गया हो ऐसा जानकारी में नहीं आया जिससे कि मामले में संदेह उत्पन्न होता है। काटजू साहब के साल भर पहले के कथन में अगर सत्यता थी तो क्या यह माना जा सकता है कि जिस बंगले में मरम्मत चल रही है वह वही होगा, जिसमें चंद्रचूड़ साहब मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व तक निवास करते थे या फिर वह कोई अन्य बंगला है? अपनी सेवानिवृत्ति के पहले किसी बातचीत के दौरान इस सवाल के जवाब में कि पद छोड़ने के बाद क्या कोई सरकारी पेशकश स्वीकार करेंगे चंद्रचूड़ साहब ने जो कहा उसका आशय यही समझा गया था कि वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे मुख्य न्यायाधीश के पद की प्रतिष्ठा और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचे। क्या माना जा सकता है कि उनके द्वारा की गई सरकारी बंगले की मांग सरकार द्वारा उन्हें की जा सकने वाली किसी पद की पेशकश से भिन्न है?

अनुमान लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी रही होगी कि चंद्रचूड़ साहब को वैकल्पिक बंगला आवंटित हो गया है और उसकी मरम्मत का काम अंतिम चरणों में है। इसके बावजूद उसके द्वारा अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सरकारी आवास खाली करवाने को लेकर सरकार को पत्र लिखे जाने के नागरिक-अर्थ क्या हो सकते हैं? क्या यह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट का पत्र हकीकत में सरकार को चेता. वनी है कि न्यायपालिका के कामकाज में किसी भी तरह का प्रलोभन या हस्तक्षेप स्वीकार नहीं होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुराने वाहनों पर प्र्रतिबंध कितना असरदार

**क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया? निश्चित रूप से, नीति के कार्यान्वयन से पहले पर्याप्त जन जागरूकता अभियान, वैकल्पिक परिवहन समाधान और स्क्रैपिंग सुविधाओं की कमी ने इसे जल्दबाजी का फैसला साबित किया। साथ ही, तकनीकी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता ने इसकी विफलता को और उजागर किया। दिल्ली सरकार का पुराने वाहनों पर ईंधन प्रति. बंध और जब्ती का फैसला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक साहसिक कदम था, लेकिन इसकी खराब योजना और कार्यान्वयन ने इसे जनता के लिए परेशानी का सबब बना दिया।**



**रजनीश कपूर**

दिल्ली, भारत की राजधानी, जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ-साथ वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के लिए भी जानी जाती है, एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का विषय है दिल्ली सरकार का पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर ईंधन आपूर्ति रोकने और उनकी जब्ती का फैसला। इस नीति का उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना था, लेकिन इसके लागू होने और फिर स्थगित होने की प्रक्रिया ने जनता के बीच भ्रम और असंतोष को जन्म दिया। क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया या जन दबाव का परिणाम था? क्या सरकारें ऐसे फैसले बिना सोचे-समझे लेती हैं?

दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई 2025 से 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के निर्देश पर आधारित था, जो 2014 के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से प्रेरित था। इन आदेशों में दिल्ली में पुराने वाहनों के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर पार्किंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इस नीति के तहत, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों का उपयोग कर वाहनों की उम्र की पहचान की जानी थी, और जो वाहन एंड ऑफ लाइफ श्रेणी में आते, उन्हें ईंधन देने से मना किया जाता। साथ ही, उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने और स्क्रैप करने का भी प्रावधान था।

इस नीति का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करना था। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वाहनों से होने वाला प्रदूषण स्थानीय प्रदूषण का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है। पुराने वाहन, जो आधु. निक उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते, PM 2.5 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों के प्रमुख स्रोत हैं। इस नीति को लागू करने के पीछे पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार का लक्ष्य था।

हालांकि इस नीति का उद्देश्य सराहनीय था, लेकिन इसके कार्यान्वयन ने जनता के बीच व्यापक भ्रम और असंतोष पैदा किया। 1 जुलाई को नीति लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, पेट्रोल पंपों पर पुराने वाहनों को ईंधन देने से मना किया जाने लगा और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया गया। इससे मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग के लोगों में खलबली मच गई, जो अपनी आजी. विका के लिए इन पुराने वाहनों पर निर्भर हैं।

दिल्ली में लगभग 62 लाख वाहन इस नीति से प्रभावित होने वाले थे, जिनमें कार, दोपहिया वाहन, ट्रक और यहां तक कि विंटेज वाहन भी शामिल थे। कई लोगों के लिए, यह वाहन केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिरता का आधार थे। उदाहरण के लिए, छोटे व्यापारी, डिलीवरी कर्मचारी और ऑटो-रिक्शा चालक जैसे लोग इन वाहनों पर निर्भर हैं। अचानक ईंधन की आपूर्ति बंद होने से उनकी आजी. विका पर संकट मंडराने लगा।

इसके अलावा, नीति के कार्यान्वयन में तकनीकी खामियां भी सामने आईं। ANPR कैमरों की स्थापना और उनके संचालन में समस्याएं थीं, जैसे कि गलत सेंसर, डेटाबेस के साथ एकीकरण की कमी और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स की पहचान में असमर्थता। इन तकनीकी समस्याओं ने नीति को और जटिल बना दिया। पर्यावरण के दृष्टिकोण से, पुराने वाहनों पर प्रति. बंध लगाना एक तार्किक कदम था। लेकिन इसके साथ ही यह भी तर्क दिया जा रहा था कि यदि कोई पुराना वाहन मौजूदा प्रदूषण के मानकों में पास पाया जाता है, उसके पास वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र है तो वह प्रदूषण नहीं कर रहा। तो ऐसी स्थित में इस श्रेणी की गाड़ी को प्रति. बंधित क्यों किया जाए? नीति के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, 3 जुलाई को दिल्ली सरकार ने इसे स्थगित कर दिया और इसे 1 नवंबर 2025 तक टाल दिया। इस फैसले के पीछे जनता का तीव्र विरोध और तकनीकी चुनौतियां प्रमुख कारण थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मर्ां. जंदर सिंह सिरसा ने पत्र लिखकर इस नीति को समय से पहले और संभावित रूप से प्रतिकूल बताया और तकनीकी और बुनियादी ढांचे की कमियों का हवाला दिया। इसके अलावा, एक सर्वेक्षण में 79 प्रतिशत दिल्लीवासियों ने इस नीति का विरोध किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जन दबाव ने सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट में इस नीति की व्यवहार्यता को चुनौती दी, जिसने भ्रम को और बढ़ाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



**ललित गर्ग**

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नए-नए मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परि.श्य को दिलचस्प बना दिया है।

इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं।




एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्ध्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे ह्महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएं कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं।

बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रूपए देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहां महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियां अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है।

यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थाई उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी। हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलूचिस्तान में 9 बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या

## बंदूकधारियों ने बस रोककर किडनैप किया, पहचान करने के बाद मारी गोली

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को अगवा किया और उन्हें गोलियों से भून दिया। यह घटना नार्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई, जो लंबे समय से चरमपंथियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है। झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी।

आलम ने बताया कि ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं। हत्या का तरीका बताता है कि हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे और टारगेटेड किलिंग कर रहे थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले। रिंद ने यह भी बताया कि लोरालाई में भी यात्रियों के अगवा होने की सूचना है और उनके लिए तलाशी अभियान जारी है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएनएन) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।



**ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे**

**पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है**

### पाक अभिनेत्री हुमैरा का शव मौत के नौ महीने बाद फ्लैट में मिला

**कराची।** पाकिस्तानी मॉडल एवं अभिनेत्री हुमैरा असगर अली का शव आठ जुलाई को कराची के डिफेंस हाउसग अथॉरिटी (डीएचए) में उनके अपार्टमेंट में मिला। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री का शव मृत्यु के नौ महीने से अधिक समय बाद बरामद किया गया। डॉक्टरों ने कहा कि शव इतना सड़ चुका था कि यह पता लगाना लगभग असंभव था कि उनकी मृत्यु कैसे हुई। दक्षिण पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सैयद असद रजा के अनुसार, 32 वर्षीय अभिनेत्री के शव का पता तब चला जब पुलिस और अदालत का कर्मचारी बकाया किराया न चुकाने के कारण फ्लैट खाली कराने के अदालती आदेश के साथ उनके अपार्टमेंट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बार बार दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारी इत्तेहाद कमर्शियल, फेज छह के चौथे मंजिल वाले अपार्टमेंट में घुसे जहां उन्होंने अभिनेत्री की सड़ी-गली लाश बरामद की।

# ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस हुआ था तबाह

## कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र आया निशाने पर

**वाशिंगटन।** गत माह ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है।

हालांकि अमेरिका या कतर की सरकार ने इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिका ने बीते महीने बंकर बस्टर बमों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी वायुसेना के ठिकाने पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद दोनों देशों में शांति समझौता हो गया था। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ। इसकी वजह ये रही कि अमेरिका ने हमले से पहले ही अपने लड़ाकू विमानों को सेना के सेंट्रल कमांड मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बताया कि ईरान ने हमले से पहले ही संकेत दे दिए थे कि हमला कहां होने वाला है, जिससे अमेरिका को अपने बचाव में कदम उठाने का मौका मिला। प्लेनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस पर स्थित जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा है। जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी सेना सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल करती थी। कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। 25 जून को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि ईरानी हमले के बाद जियोडेसिक गुंबद तबाह हो गया है। हालांकि इसके अलावा और कोई नुकसान नहीं हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के हमले को बेहद कमजोर बताया था और कहा कि हमले में अमेरिका को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ईरान ने दावा किया कि उनके हमले में एयरबेस को भारी नुकसान हुआ है।




# ट्रम्प ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका अगले महीने कनाडा से आयात पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि वह अन्य अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 15 या 20 प्रतिशत का टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक पत्र में ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को बताया कि नई दर एक अगस्त से लागू होगी और अगर कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की तो यह और बढ़ जाएगा। यह पत्र सोमवार से ट्रम्प द्वारा जारी किए गए 20 से अधिक ऐसे पत्रों में नवीनतम है क्योंकि वह दर्जनों अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ व्यापार युद्ध की धमकियां जारी रखे हुए हैं। यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया है। कनाडाई नेता छह मई को व्हाइट हाउस गए थे और ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की थी। पिछले महीने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी फिर से मुलाकात हुई जहां नेताओं ने ट्रम्प पर उनके कठोर व्यापार युद्ध से पीछे हटने के लिए दबाव डाला।

**यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया**

# अमेरिका नाटो के जरिये यूक्रेन को देगा हथियार

## 2.5 हजार करोड़ के मिसाइल-रॉकेट, NATO 100% खर्च देगा, रूस पर बयान दे सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका नाटो के माध्यम से यूक्रेन को हथियार भेजेगा और नाटो इन हथियारों का पूरा खर्च देगा। ट्रम्प ने कहा-नाटो सहयोगियों और यूक्रेन के बीच अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति को लेकर एक नया समझौता हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका 300 मिलियन डॉलर (2.5 हजार करोड़ रुपए) का पैकेज यूक्रेन को भेजने की तैयारी कर रहा है, जिसमें पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और मीडियम रेंज के राकेट शामिल होंगे, हालांकि हथियारों पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। बता दे, अमेरिका खुद नाटो का सदस्य है। नाटो एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है। 2025 तक नाटो के 32 सदस्य देश हैं। इसका मकसद सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाहरी हमलों से उनकी रक्षा करना है। अमेरिका नाटो खर्च में 66 प्रतिशत हिस्सा देता है। इसके साथ ट्रम्प ने कहा कि वे सोमवार को रूस को लेकर बड़ा बयान दे सकते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहली बार होगा जब ट्रम्प प्रेसिडेंशियल ड्राडाउन अथारिटी के तहत यूक्रेन को हथियार भेजने की अनुमति देंगे। यह एक कानूनी तरीका है जो राष्ट्रपति को बुरे समय में अमेरिकी भंडार से सीधे हथियार भेजने की अनुमति देता है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने केवल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मंजूर किए गए हथियार ही यूक्रेन को भेजे थे। यह हथियारों का नया समझौता अमेरिका, नाटो और यूक्रेन के बीच है। पहले अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार भेजता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया नाटो के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा कि हम नाटो को हथियार भेजेंगे, और नाटो इनका पूरा पैसा देगा। फिर नाटो इन्हें यूक्रेन को देगा। ट्रम्प ने ये कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति उनकी बढ़ती नाराजगी के बाद लिया है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा था- सच कहूं तो मैं इस बात से निराश हूं कि पुतिन ने अपनी हरकतें बंद नहीं की। दरअसल, ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए कई बार बातचीत की थी, लेकिन पुतिन ने सीजफायर से मना कर दिया था।



# अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई में अधिकारियों की वफादारी की जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) इन दिनों अपने ही सीनियर अधिकारियों की वफादारी जांचने के लिए पालीग्राफ टेस्ट यानी झूठ पकड़ने वाली मशीन का उपयोग कर रही है।

जिन अफसरों से सवाल पूछे जा रहे हैं, उनमें कुछ से ये भी पूछा गया कि क्या उन्होंने एफबीआई निदेशक कश पटेल के खिलाफ कुछ नकारात्मक कहा था। अब तक एफबीआई इस तरह के टेस्ट उन्हीं कर्मचारियों पर करती थी जिन पर देशद्रोह या गोपनीय सूचनाएं लीक करने का शक होता था, लेकिन जब से कश पटेल ने एफबीआई निदेशक का पद संभाला है, तब से इस टेस्ट का उपयोग कई गुना बढ़ गया है। अब यह व्यक्तिगत निष्ठा जांचने का हथियार बनता जा रहा है। एफबीआई से मीडिया में लगातार खबरें लीक होने की वजह से एजेंसी में पालीग्राफ टेस्ट बढ़ गए हैं। दर्जनों अफसरों से पालीग्राफ टेस्ट में पूछा गया कि क्या उन्होंने काश पटेल के खिलाफ कोई बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक एक बार यह पता लगाने के लिए टेस्ट किया गया कि काश पटेल के सर्विस वेपन की मांग करने की खबर मीडिया को किसने दी। काश पटेल एफबीआई एजेंट नहीं है, उन्हें सर्विस वेपन (हथियार) का अधिकार नहीं है।

**झूठ पकड़ने वाली मशीन से पूछे जा रहे हैं सवाल**



भुवनेश्वर। पार्टी के 'संविधान बचाओ समावेश' के दौरान बोलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने की 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प प्रशासन की एक पुनर्गठन योजना के तहत शुक्रवार को 1300 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1107 सिविल सर्वेंट्स और 246 विदेश सेवा अधिकारियों को नौकरी से हटाने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। विदेश सेवा अधिकारियों को 120 दिनों की प्रशासनिक छुट्टी पर रखा जाएगा, जिसके बाद उनकी नौकरी समाप्त हो जाएगी। सिविल सर्वेंट्स के लिए यह अवधि 60 दिन होगी। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह कदम गैर-जरूरी कामों को खत्म करने के लिए उठाया गया है ताकि विदेशों में विभाग को अधिक कुशल बनाया जा सके।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी पार्टियों को सेना का समर्थन

## हसीना की पार्टी चुनावी मैदान से गायब

**ढाका।** बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है।

जिनमें जमात- ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) जबरदस्त प्रचार कर रही है। चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है।

**मुख्य विपक्षी पार्टी खालिदा की बीएनपी मुश्किलों में घिरी**

# अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरानी परमाणु कार्यक्रम

## इजरायली अधिकारी ने किया चौंकाने वाला दावा

**तेल अवीव।** इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है।

अमेरिका के बंकर बस्टर बम बनाने वाली एजेंसी ने भी कहा है कि वे इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि बंकर बस्टर बम अपने लक्ष्य तक पहुंचे या नहीं। गौरतलब है कि इजरायली अधिकारी का यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के विपरीत है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह हो गए हैं और ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल करने में अब कई साल लगेंगे। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने भी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि हमलों ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया, लेकिन वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं। वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि ईरान का अधिकांश संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

# संकट में भारतीय: म्यांमार से रिहाई की तीव्र मांग उठी

## म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल

**तिरुवनंतपुरम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल ने म्यांमार में मानव तस्करी में फंसे 44 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि पीड़ितों पर क्रूर शारीरिक हमले किए गए तथा उनके फोन, पासपोर्ट और अन्य सामान जब्त कर लिए गए जिससे वे बाहरी दुनिया से कट गए हैं। पीड़ितों को कथित तौर पर म्यांमार के डोंगमेई पार्क में रैकेट चलाने वालों द्वारा खतरनाक परिस्थितियों में रखा गया है जिससे उनके परिवार गहरी चता में हैं। वेणुगोपाल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि पीड़ितों में से एक, केरल के कासरगोड के पदन्ना निवासी मशूद अली ने 10 दिन पहले भारतीय दूतावास में शिकायत दर्ज की थी लेकिन उसपर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मशूद अली ने खुलासा किया कि तस्कर विदेश में नौकरी चाहने वाले लोगों को भर्ती करने के लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। इस घोटाले में ऐसे लोगों को फर्जी नौकरी का ऑफर देकर फंसाया जाता है और फिर उनका इस्तेमाल दूसरों को भर्ती करने के लिए किया जाता है। पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति से तीन से पांच लाख रुपये वसूलने के बाद, तस्कर उनका विश्वास जीतने के लिए दो महीने का वीज़ा और हवाई जहाज का टिकट उपलब्ध कराते हैं। शुरुआत में, भर्ती किए गए लोगों को बैंकॉक भेजा जाता है और तथाकथित प्रदर्शन मूल्यांकन के तहत कुछ दिनों तक काम कराया जाता है। फिर उन्हें बताया जाता है कि बेहतर रोज़गार के लिए उन्हें ब्रिटेन भेजा जाएगा लेकिन इसके बजाय उन्हें गुप्त रूप से म्यांमार भेज दिया जाता है। मशूद अली ने बताया कि कोल्लम का एक और पीड़ित जिष्णु, जो उसके साथ एक कमरे में रहता था, पिछले दिन से लापता है।



**पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकिंग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है**

# अमेरिका ने दी अपने लोगों को ईरान न जाने की सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक 'नई यात्रा सलाह' जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। एक प्रेस वार्ता में सुब्रूस ने ज़ोर दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है।

उन्होंने कहा कि विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है जिसमें अमेरिकियों खासकर ईरानी अमेरिकियों को ईरान की यात्रा के लगातार बढ़ते गंभीर खतरों के बारे में चेतावनी दी जाएगी। ईरानी शासन दोहरी राष्ट्रीयता को मान्यता नहीं देता है। और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से कांसुलर सेवाएं देने से इनकार करता है।

**बमबारी हालांकि बंद हो गई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान की यात्रा करना सुरक्षित है**

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट